RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 109 | WEDNESDAY DATE 13-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

क्या दे पाती नौकरी, सही किया दी छोड़।
हेरा-फेरी ठगी में, डेली बनें करोड़।
डेली बनें करोड़, व्यर्थ ही करी पढ़ाई।
बनकर इंजीनियर, हाथ क्या आया भाई।
कह साहिल कविराय, सेलरी रुक-रुक आती।
सही किया दी छोड़, नौकरी क्या दे पाती।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## संक्षिप्त खबरें




### पेपर लीक की खबर के बाद नीट 2026 की परीक्षा रद्द

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2026 (नीट-यूजी) की परीक्षा रद्द करने की घोषणा की है। एनटीए की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में बताया गया कि एजेंसी ने केन्द्र सरकार की मंजूरी से तीन मई को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को रद्द करने और इसे फिर से आयोजित करने का निर्णय लिया है। परीक्षा की नई तारीखें अलग से अधिसूचित की जाएंगी। परीक्षा में हुई अनियमितता की खबरों के बाद एजेंसी ने आठ मई को इस मामले को स्वतंत्र जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा था। केंद्रीय एजेंसियों की जांच के आधार पर प्राप्त इनपुट के बाद एनटीए ने परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार ने इस मामले में लगे आरोपों की व्यापक जांच के लिए मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपने का भी निर्णय लिया है।

### ओडीओपी-सीएफसी को जनभागीदारी से जोड़ने पर यूपी सरकार का जोर

**लखनऊ, यूटर्न/ 12 मई।** प्रदेश में पारंपरिक उद्योगों, हस्तशिल्प, बुनकरी और सूक्ष्म उद्यमों को नई मजबूती देने के लिए योगी सरकार लगातार प्रयासरत है। सरकार की मंशा है कि ओडीओपी योजना के तहत स्थापित कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) केवल सीमित लोगों तक न रहकर अधिक से अधिक कारीगरों, बुनकरों और सूक्ष्म उद्यमियों को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण और विपणन सुविधाओं से जोड़ें। इसी उद्देश्य से मंगलवार को प्रदेश में संचालित 16 सीएफसी परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई सीएफसी में सीमित लाभार्थियों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि योजनाओं का लाभ केवल कुछ सदस्यों तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

### नीट यूजी पेपर लीक केसः लौटाई जाएगी 23 लाख छात्रों की फीस

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को नीट यूजी परीक्षा से जुड़ी अनियमितताओं की पहली सूचना 7 मई को मिली थी। एनटीए के मुताबिक, उसने प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए जीपीएस निगरानी व वॉटरमार्क का इंतजाम किया था। यह परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि, एनटीए के इंतजामों के बावजूद नीट यूजी परीक्षा के प्रश्न लीक हुए। इसके बाद एनटीए ने जहां एक ओर नीट यूजी परीक्षा रद्द कर दी है, वहीं अब एनटीए छात्रों को पुरानी फीस लौटाएगी। यही नहीं बल्कि दोबारा ली जाने वाली परीक्षा के लिए भी कोई फीस भी नहीं लेगा। बता दें कि नीट यूजी परीक्षा में करीब 23 लाख छात्र शामिल हुए थे। दरअसल, नीट (यूजी) 2026 की 3 मई को हुई परीक्षा रद्द कर दी गई है और दोबारा परीक्षा कराई जाएगी। दोबारा परीक्षा की नई तारीखें जल्द आधिकारिक रूप से घोषित की जाएंगी।

# बंगाल में भाजपा सरकार बनी तो मिलेगा आयुष्मान लाभ : मोदी

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद अब राज्य के लोगों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि नयी 'डबल-इंजन सरकार' प्रमुख केंद्रीय कल्याणकारी कार्यक्रमों का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी।



श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पश्चिम बंगाल के मेरे भाइयों और बहनों का कल्याण सर्वोपरि है। मुझे बहुत खुशी है कि राज्य के लोगों को आयुष्मान भारत तक पहुंच मिलेगी, जो दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य देखभाल योजना है और शीर्ष गुणवत्ता वाली तथा सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करती है। साथ ही, डबल-इंजन सरकार प्रमुख केंद्रीय योजनाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।' प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल में भाजपा द्वारा औपचारिक रूप से कार्यभार संभालने के बाद आई है। राज्य में तृणमूल कांग्रेस का 15 साल का शासन समाप्त हो गया और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता से बाहर हो गई। भाजपा ने आयुष्मान भारत के क्रियान्वयन और केंद्र के साथ बेहतर समन्वय को अपने चुनावी अभियान का मुख्य मुद्दा बनाया था और पिछली तृणमूल सरकार पर राजनीतिक कारणों से कई केंद्र प्रायोजित योजनाओं को रोकने का आरोप लगाया था। आयुष्मान भारत, जिसे आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के रूप में जाना जाता है, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को माध्यमिक और तृतीयक अस्पतालों में भर्ती होने के लिए प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। तृणमूल शासन के दौरान, पश्चिम बंगाल इस योजना से बाहर रहा था और इसके बजाय अपनी स्वास्थ्य बीमा योजना 'स्वास्थ्य साथी' चला रहा था, जिसे सुश्री बनर्जी सरकार ने एक अधिक समावेशी विकल्प के रूप में पेश किया था। भाजपा ने बार-बार तर्क दिया था कि आयुष्मान भारत से बाहर रहने से बंगाल के निवासी देश भर के सूचीबद्ध अस्पतालों के विस्तृत नेटवर्क के लाभ से वंचित रह गए। हालांकि, तृणमूल का मानना था कि स्वास्थ्य साथी व्यापक कवरेज प्रदान करती है और उसने केंद्र पर कल्याणकारी योजनाओं के वितरण का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया था। सत्ता परिवर्तन के साथ ही, नयी भाजपा सरकार से राज्य में आयुष्मान भारत को तेजी से लागू करने और अन्य कल्याणकारी पहलों को केंद्रीय योजनाओं के अनुरूप बनाने की उम्मीद है।

## नीट 2026 परीक्षा रद्द होने पर राहुल ने की केंद्र सरकार की आलोचना



» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द किए जाने पर केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की और कहा कि 22 लाख से अधिक छात्रों की मेहनत पर सरकार ने पानी फेर दिया है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा, 'किसी पिता ने बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज.लिया, किसी मां ने गहने बेचे और लाखों छात्रों ने रात-रात भर जागकर तैयारी की, लेकिन बदले में उन्हें 'पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार' मिला। यह सिर्फ नाकामी नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्र इसका खामियाजा भुगतते हैं।' उन्होंने कहा कि परीक्षा रद्द होने से लाखों छात्रों को दोबारा मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सवाल किया कि अगर छात्रों की तकदीर मेहनत से नहीं बल्कि 'पैसे और पहुंच' से तय होगी, तो शिक्षा व्यवस्था का क्या मतलब रह जाएगा। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री का तथाकथित अमृतकाल देश के लिए विषकाल बन गया है।'

## निर्माण कार्यों पर 2 साल की रोक की सिफारिश नहीं की गईः नीति आयोग

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।** नीति आयोग ने मंगलवार को उन खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि पश्चिम एशिया संकट और बढ़ते आर्थिक दबावों के कारण देश भर में बड़े निर्माण और तोड़फोड़ (डिमोलिशन) कार्यों पर 2 साल की रोक लगाने की सिफारिश की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट शेयर करते हुए सरकारी थिंक टैंक ने साफ कहा कि उसने निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लगाने जैसी कोई सिफारिश नहीं की है। बयान में कहा गया, 'यह स्पष्ट किया जाता है कि निर्माण कार्यों पर रोक लगाने को लेकर नीति आयोग की ओर से किसी भी प्रकार की कोई सिफारिश नहीं की गई है।' यह बयान 12 मई को प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट के जवाब में जारी किया गया।

## नीट पेपर लीक होना शर्मनाक, बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़ : सौरभ भारद्वाज

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।**

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज ने नीट पेपर लीक के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे 'शर्मनाक' बताया और बार-बार हो रही पेपर लीक की आलोचना की, जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को बच्चों की पढ़ाई और शिक्षित समाज से मतलब नहीं है।

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि मुझे लगता है कि पिछले कई सालों से बार-बार मेडिकल का पेपर लीक हो रहा है। ये वह खबरें हैं जिसकी जानकारी उजागर हो गई। कई बार ऐसा हुआ होगा कि लीक होने के बाद भी पता नहीं चलता है। करीब 25 लाख बच्चे इस परीक्षा में बैठते हैं।



उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक मामले को लेकर कोर्ट ने ढीला रवैया अपनाया। कई बार सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर परीक्षा को रद्द नहीं किया गया। यह एक तरीके से करीब 25 लाख बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। जिन बच्चों ने पेपर लीक का फायदा लिया और जिनको इसके एवज में पैसे मिले, कुल मिलाकर उनका स्वार्थ सिद्ध हो गया। पेपर लीक का फायदा उठाकर बच्चे डॉक्टर बनकर इलाज कर रहे होंगे।

## नीट परीक्षा पेपर लीक के पीछे 'राजनीतिक संरक्षण' : अरविंद केजरीवाल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को नीट-यूजी 2026 के पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की और परीक्षा माफिया के खिलाफ उसकी 'चुप्पी और निष्क्रियता' पर सवाल उठाया।



अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया कि शीर्ष स्तर पर मिलीभगत और ऐसे अपराधों में शामिल लोगों को राजनीतिक संरक्षण देना ही इस तरह के पेपर लीक के पीछे मुख्य कारण हैं।

उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के पेपर लीक होने से लाखों छात्रों का जीवन खतरे में है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या सरकार इस बात को समझती है कि ऐसे समय में बच्चों और उनके परिवारों को किस हद तक पीड़ा झेलनी पड़ती है। केंद्रीय परीक्षा संचालक संस्था राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को 3 मई को हुई नीट परीक्षा को रद्दा कर दिया। यह फैसला परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताओं के बारे में केंद्रीय एजेंसियों को मिली सूचनाओं के बाद लिया गया।

अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर विफलता और लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है जब परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक हुए हैं।

उन्होंने कहा, 'नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने की ऐसी ही घटनाएं 2017, 2021, 2024 और अब 2026 में कई बार हुईं। सरकार को यह बताना चाहिए कि पिछली बार प्रश्नपत्र लीक करने के पीछे कौन लोग थे।

## दिल्ली में नशे के सौदागरों पर 'एलजी' का प्रहार, पहले एंटी-नारकोटिक्स थाने को मंजूरी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।**

दिल्ली को 2027 तक 'नशा मुक्त' बनाने के संकल्प की दिशा में आज एक बड़ी कार्रवाई की गई। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू की मौजूदगी में दिल्ली पुलिस ने भारी मात्रा में जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने दिल्ली के युवाओं और सुरक्षा तंत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं।




ड्रग निस्तारण कार्यक्रम के तहत आज दिल्ली पुलिस ने 1,700 किलोग्राम जब्त नशीले पदार्थों को वैज्ञानिक तरीके से नष्ट कर दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन नशीले पदार्थों की कीमत लगभग 72 करोड़ आंकी गई है। उपराज्यपाल ने इसे कानून की जीत और नशे के खिलाफ एक बड़ी सफलता बताया।

ड्रग सिंडिकेट की कमर तोड़ने के लिए उपराज्यपाल ने दिल्ली के पहले समर्पित एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स पुलिस स्टेशन की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

यह विशेष थाना मादक पदार्थों के नेटवर्क पर केंद्रित कार्रवाई, बेहतर समन्वय और सख्त प्रवर्तन सुनिश्चित करेगा। आर्थिक रीढ़ पर प्रहार और जागरूकता

उपराज्यपाल ने स्पष्ट किया कि सरकार की रणनीति केवल पकड़-धकड़ तक सीमित नहीं है। अब तस्करों की वित्तीय कमर तोड़ने पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके मुख्य बिंदु हैंः-

वित्तीय जांचः ड्रग तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति को कुर्क करना। ठउडफ्ळसमन्वयः जिला से लेकर केंद्र स्तर तक खुफिया जानकारी साझा करना। नशा? नॉट कूलः युवाओं के बीच 'नशा नहीं, उद्देश्य चुनें' के संदेश को प्रसारित करना।

# विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए शैक्षणिक वातावरण तैयार करना सरकार का उद्देश्य : सूद

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य केवल बेहतर परिणाम देना नहीं बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सकारात्मक, सुरक्षित और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है।




श्री सूद ने आज शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में सभी प्रिंसिपल्स और हेड ऑफ स्कूल्स से संवाद एवं समन्वय के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आ'ान किया।

उन्होंने कहा कि इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल स्तर पर आने वाली चुनौतियों को सीधे समझना, शिक्षकों एवं स्कूल प्रशासन के सुझाव प्राप्त करना तथा सरकारी विद्यालयों को आधुनिक, सशक्त और विद्यार्थियों के लिए अधिक अनुकूल बनाना है।

उन्होंने अधिकारियों एवं विद्यालय प्रमुखों से कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल बेहतर परिणाम देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सकारात्मक, सुरक्षित और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है। उन्होंने स्कूलों में अनुशासन, नियमित उपस्थिति, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने पर विशेष बल दिया।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षकों, विद्यालय प्रशासन और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास से ही विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यालय प्रमुखों से छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा नवाचार आधारित शिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने की अपील भी की।

शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के लिए हेड ऑफ स्कूल, शिक्षक, वाइस प्रिंसिपल, प्रिंसिपल, प्रशासनिक अधिकारी, पेरेंट्स और अन्य सभी सहयोगी महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर्स हैं।

उन्होंने कहा कि यदि किसी इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी से नुकसान होता है, तो शिक्षा व्यवस्था में कमी पूरे समाज को प्रभावित करती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि सभी अधिकारी और शिक्षक शिक्षा सुधार के कॉमन एजेंडा को पूरी निष्ठा और प्रमाणिकता से लागू करें।

उन्होंने कहा कि एक हेड ऑफ इंस्टिट्यूशन की प्रशासनिक जिम्मेदारी के साथ-साथ एक जिम्मेदार नागरिक और सरकारी कर्मचारी के रूप में ईमानदारी से कार्य करना भी आवश्यक है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों के कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।

वर्ष 2024-25 में जहां परीक्षा परिणाम 94.57 प्रतिशत था, वहीं वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 98.53 प्रतिशत हो गया, जो 3.96 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों ने हमेशा देश को योग्य नागरिक, वैज्ञानिक, प्रशासनिक अधिकारी, सेना के अधिकारी और अन्य सफल पेशेवर दिए हैं।



## राजकीय आईटीआई बरवाला में 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' पर भव्य संगोष्ठी और प्रदर्शनी का आयोजन

**हरियाणा, यूटर्न/ 12 मई।** स्थानीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (National Technology Day 2026) बरवाला में 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' (National Technology Day 2026) के उपलक्ष्य में एक विशेष संगोष्ठी और भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के प्रिंसिपल श्री प्रवीण डबला जी के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सोमबीर उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, AI ( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और भविष्य की डिजिटल दुनिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को तकनीक के सही उपयोग से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाषण प्रतियोगिता (Speech Competition), सेमिनार और प्रदर्शनी में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में संस्थान के स्टाफ सदस्य जयपाल, अमित कुमार और राजेश कुमार ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।विशेष अतिथि के रूप में 'माय भारत' (MY Bharat) की ओर से सोमबीर और वीर डिफेंस स्पोर्ट्स क्लब, बरवाला की ओर से सोमवीर मौजूद रहे, जिन्होंने विजेता बच्चों का हौसला बढ़ाया।प्रिंसिपल प्रवीण डबला ने बताया कि इस वर्ष की थीम kResponsible Innovation for Inclusive Growthl पर आधारित थी और ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल (Skilling) के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीबीए छात्र समेत वाहन चोरी गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**खोड़ा, यूटर्न/ 12 मई।** थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार किए हैं। इस दौरान दो आरोपी मौका पाकर भाग गए। गिरफ्तार एक आरोपी दिल्ली के न्यू अशोक नगर का रहने वाला बीबीए प्रथम वर्ष का छात्र शिवम है। दूसरा साथी दिल्ली के गाजीपुर स्थित राजवीर कॉलोनी निवासी आकाश उर्फ उत्कर्ष है। आरोपियों की निशानदेही पर दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग इलाकों से चुराई गईं आठ बाइकें भी बरामद की हैं। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार रात खोड़ा पुलिस टीम के साथ लोधी चौक पर वाहन चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान एक ही बाइक पर चार युवक सवार होकर आए। उनको चेकिंग के लिए रोका तो आरोपियों ने भागने का प्रयास किया। इसमें दो युवक तो भागने में कामयाब हो गए लेकिन शिवम और आकाश को पकड़ लिया। आरोपी मूलतः फरूर्खाबाद के नारैया स्थित बहादपुर निवासी शिवम और बांदा के तिंदवारी स्थित जोहरपुर निवासी आकाश है। शिवम ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली क्षेत्र में बाइक चोरी, मोबाइल फोन व चेन छिनैती की वारदात को अंजाम देता था। इस दौरान उसके खिलाफ 11 मामले दर्ज हुए और जेल भी गया।

### कार की टक्कर से डिलीवरी बॉय की मौत

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 12 मई।** प्र'ादगढ़ी क्षेत्र में डिलीवरी देने जा रहे साहिबाबाद के अर्थला स्थित गुर्जर कॉलोनी निवासी रोहित बैंसला (34) की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा 10 मई की देर रात का है। वह ग्रोसरी कंपनी में काम करते थे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उधर, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित भाई अजय बैंसला ने बताया कि उनका भाई रोहित ऑनलाइन ग्रॉसरी कंपनी में डिलीवरी बॉय थे। शनिवार देर रात करीब दो बजे वह साहिबाबाद साइट 4 से प्र'ादगढ़ी ऑर्डर देने जा रहा था। साहिबाबाद सब्जी मंडी के सामने पेट्रोल पंप के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना के बाद आरोपी चालक कार लेकर मौके से भाग गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और तुरंत इलाज के लिए नरेंद्र मोहन अस्पताल भेजा। वहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। पहचान होने के बाद पुलिस ने परिवार वालों को सूचना दी। अजय बैंसला का आरोप है कि मौके पर मौजूद राहगीर अगर पुलिस का इंतजार करने की जगह जल्द भाई को अस्पताल पहुंचा देते तो शायद जान बच सकती थी। उन्होंने कार चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की है।

# दिल्ली में लोगों को लौटाए गए 12,600 चोरी हुए मोबाइल, एलजी ने 'ऑपरेशन विश्वास' की सराहना की

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।

दिल्ली के उपराज्यपाल टीएस संधू ने मंगलवार को प्रौद्योगिकी-सक्षम पुलिसिंग का एक शानदार उदाहरण देते हुए दिल्ली पुलिस के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसमें शहर भर में गिरफ्तार किए गए झपटमारों और चोरों से बरामद किए गए 12,600 से अधिक मोबाइल फोन उनके मूल मालिकों को लौटाए गए।



एलजी टीएस संधू ने पुलिस द्वारा मोबाइल फोन लौटाकर लोगों के चेहरों पर लाई गई मुस्कान की सराहना करते हुए कहा, 'मुझे जानकारी मिली है कि इस साल दिल्ली पुलिस ने लगभग 16,000 डिवाइस बरामद किए हैं, जिनकी रिकवरी दर 74 प्रतिशत है। आज सभी जिलों में एक साथ 12,600 से अधिक मोबाइल फोन सौंपे जा रहे हैं। ये आंकड़े तकनीक-आधारित पुलिसिंग की ताकत को दर्शाती हैं।'

दिल्ली पुलिस द्वारा गुम हुए, चोरी हुए या छीने गए मोबाइल फोन का पता लगाने और उन्हें उनके असली मालिकों को लौटाने के उद्देश्य से चलाई जा रही 'ऑपरेशन विश्वास' की सराहना करते हुए एलजी ने नागरिकों से अपराध का मुकाबला करने में कानून प्रवर्तकों का साथ देने का आ'ान किया।

उन्होंने कहा, 'केवल तकनीक से ऐसे परिणाम नहीं मिल सकते। बरामद किए गए हर मोबाइल फोन के पीछे पुलिस कर्मियों की कड़ी मेहनत होती है, कांस्टेबल सुरागों का पीछा करते हैं, अधिकारी सत्यापन का समन्वय करते हैं, तकनीकी टीमें इनपुट का विश्लेषण करती हैं और जिला इकाइयां गतिविधियों पर नजर रखती हैं।'

उन्होंने कहा, 'सामुदायिक भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। जब नागरिक सहयोग करते हैं, आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए (मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन) एक्टिव रहती हैं और मीडिया सही संदेश प्रसारित करता है तो पुलिसिंग अधिक प्रभावी और मानवीय बन जाती है। सहयोग की यही भावना विकसित दिल्ली को एक ऐसी राजधानी का रूप देगी, जो भारत के सभ्यतागत मूल्यों और आधुनिक आकांक्षाओं दोनों को प्रतिबिंबित करती है।' एलजी ने कहा कि दिल्ली की पुलिसिंग का दृष्टिकोण वैश्विक होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आज दुनिया भारत को प्रौद्योगिकी-आधारित शासन में एक अग्रणी देश के रूप में देखती है।

## जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी सहन : राजेश कुमार



**परमिंदर सिंह/ कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 12 मई।** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि जनगणना कार्यों में लगे सभी सुपरवाईजरों को लगन और ईमानदारी से कार्य करना होगा। इस जनगणना के लिए जिस भी कर्मचारी को जो भी जिम्मेवारी सौंपी गई है उसे तय समय में पूरे तथ्यों के साथ पूरा करें। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय में जनगणना-2027 को लेकर सुपरवाईजरों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। यह जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी सुपरवाइजर एवं प्रणकों को निर्देश दिए कि मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के कार्य में तेजी लाते हुए 20 मई तक शत-प्रतिशत कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि सभी फील्ड में आमजन को भी जनगणना के महत्व के बारे में समझाए और ऑनलाइन अपना डाटा भरने के लिए जागरूक करें। सचिव अरविंद कुमार व जिला समन्वयक मंजू ने बताया कि बैठक में जनगणना के सभी पहलुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस बैठक में एचएलबीए एप पर कार्य प्रगति की समीक्षा की गई तथा प्रतिदिन की रिपोर्ट अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए। बेहतर कार्य करने वाले प्रगणकों को एवं सुपरवाईजरों को प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

## कला सृष्टि मंच के कार्यक्रम में नृत्य व कव्वाली के माध्यम से महिलाओं ने मचाया धमाल

**भावनाओं, संगीत एवं संस्कृति से सजी अविस्मरणीय संध्या, कला सृष्टि मंच ने किया भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन**

» अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 12 मई।** नगर की प्रमुख कला एवं संस्कृति को समर्पित संस्था कला सृष्टि मंच द्वारा एक भव्य, भावनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संगीत, शायरी, कविता, नृत्य और कव्वाली के माध्यम से मां के प्रति श्रद्धा, प्रेम और सम्मान व्यक्त किया गया। देर शाम तक चले कार्यक्रम ने उपस्थित सभी लोगों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा द्वारा प्रभावशाली शायरी के साथ किया गया, जिसने पूरे वातावरण को साहित्यिक गरिमा से भर दिया। दीपक कौशिक ने एक हसीन शाम को दिल मेरा कहीं खो गया गीत से श्रोताओं का मन मोह लिया। विशाल पंडित ने कहीं दूर जब दिन ढल जाए प्रस्तुत कर भावनाओं को नई ऊंचाई दी। डा. सत्य भूषण ने शाम का ख्याल आ गया और डा. स्वरित शर्मा ने होंठों से छू लो तुम मेरा गीत अमर कर दो तथा न उम्र की सीमा हो जैसे गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। डा. सहदेव शर्मा एवं डा. स्वरित शर्मा के युगल गीत तू प्यार है किसी और का, तुझे चाहता कोई और है ने विशेष सराहना प्राप्त की। नमिता कौशिक द्वारा हर घड़ी बदल रही है और पूजा पंडित द्वारा बोले रे पपीहरा की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में मधुरता घोल दी। मानवी सेतिया की कव्वाली चांदनी तो हमारी जरा देखिए ने तालियों की गूंज बिखेरी। डा. जय भगवान सिंगला एवं सुदेश



मदान ने मातृ दिवस पर कविता पाठ कर मां के प्रति संवेदनाओं को शब्द दिए। बृज किशोर शर्मा द्वारा वो कल भी पास-पास थे, आज भी कविता ने भावुक कर दिया, जबकि सरिता दहिया ने अपनी कविता एवं हरियाणवी चुटकुलों से दर्शकों को हंसने और सोचने पर मजबूर किया। धीरज गुलाटी की शायरी, शिव कुमार किरमच की कविता एवं चुटकुले कार्यक्रम में प्रस्तुत किए। नीरज आश्री ने दिल ये बेचैन है... ताल पे ताल मिला पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया।

# सेवा, संस्कार और समर्पण की मिसाल रही स्व. निर्मल सेतिया जी को भावभीनी श्रद्धांजलि



### सातवीं पुण्यतिथि पर सेतिया परिवार द्वारा 120वीं सवामणी, समाजसेवियों ने नम आंखों से किया स्मरण

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 12 मई। अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रांतीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय गौरव एवं डायमंड रत्न महेन्द्र सेतिया की धर्मपत्नी स्वर्गीय निर्मल सेतिया की सातवीं पुण्यतिथि अत्यंत श्रद्धा, भावुकता और सेवा भावना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सेतिया परिवार द्वारा गौशाला में 120वीं सवामणी लगाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा कार्यों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर स्व. निर्मल सेतिया को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्व. निर्मल सेतिया केवल एक गृहणी ही नहीं बल्कि समाज सेवा, संस्कार, नारी शक्ति और मानवता की जीवंत मिसाल थीं। वे भारत विकास परिषद बरवाला की प्रथम महिला प्रमुख रहीं और लगातार लगभग आठ वर्षों तक संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहीं। उनकी कार्यशैली, विनम्र व्यवहार, सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण के कारण वे पूरे क्षेत्र में सम्मानित नाम बन गई थीं।

विशेष बात यह रही कि स्व. निर्मल सेतिया और महेन्द्र सेतिया की जोड़ी पूरे प्रांत की प्रथम तथा बरवाला-हिसार क्षेत्र की एकमात्र 'भारत विकास रत्न' जोड़ी रही, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जाती है।

# निर्दोष को जेल भेजने का परिणाम, कानपुर में पति को छुड़ाने के लिए 50 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ी महिला

» सुनील बाजपेई



कानपुर, यूटर्न/ 12 मई। जब भी किसी के खिलाफ पुलिस में कोई रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है, तो पुलिस निष्पक्ष विवेचना नहीं करती। वह पहले आरोपी से सौदेबाजी करती है और जब बात नहीं बनती तो निर्दोष होने के बाद भी दोषी साबित करते हुए संबंधित व्यक्ति को जेल भेज देती है। इसी आशय की घटना के परिणाम ने एक महिला को पुलिस कमिश्नर ऑफिस के पास बने 50 फीट ऊंचे टावर पर चढ़वा दिया। जानकारी के मुताबिक उसने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि उसके कथित निर्दोष पति को पास्को एक्ट के तहत जेल भेजा जा चुका है, जिसे छुड़ाने की मांग को लेकर ही महिला ने यह कदम उठाया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर समेत कई अधिकारी महिला को टावर से नीचे उतर आने के लिए मनाते रहे लेकिन वह तैयार नहीं हुई। उसका कहना था कि जब तक उसके पति को जेल से रिहा नहीं किया जाएगा, तब तक वह टावर से नीचे नहीं उतरेगी। इस स्थिति से समाचार लिखे जाने तक पुलिस में भीहड़कंप देखा गया। यह महिला टावर पर चढ़ते ही चिल्लाने लगी कि मेरे पति को छोड़ दो नहीं तो यहां से कूदकर जान दे दूंगी। टॉवर पर महिला को देखकर आसपास काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई।

मौके पर पहुंचे स्टाफ ऑफिसर अमरनाथ यादव ने महिला को समझाने की कोशिश की, जिस पर महिला ने कहा कि जब तक मेरे पति जेल से नही छूटेंगे तब तक मैं टॉवर से नहीं उतरूंगी। करीब आधे घंटे बाद अपर पुलिस आयुक्त विपिन ताडा भी पहुंचे उन्होंने भी समझाने की कोशिश की। बोले- नीचे उतर जाओ लेकिन समाचार लिखे जाने तक अपनी बात पर पड़ी रही।

यद्यपि पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ इस तरह की यह घटना पहले नहीं है इसके पहले भी इस तरह की घटनाएं महानगर में हो चुकी हैं। अधिकांश पीडतों का यही आरोप है कि अगर किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो जाती हैतो पुलिस निर्दोष को भीअपना शिकार बनती है .




# पानीपत में मजदूर-कर्मचारियों का प्रदर्शन

## सरकार की नीतियों के खिलाफ गरजे यूनियन नेता

### देश भर में आंदोलनरत मजदूर 7 सुत्रीय मांगो पर अडिग

» निर्मल सिंह

पानीपत, यूटर्न/ 12 मई। केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आ'ान पर संघर्षरत मजदूर और कर्मचारियों के समर्थन में भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य सरकार की मजदूर कर्मचारी और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पानीपत शहर में जुलूस निकालकर मांग दिवस के रूप में मनाया गया. सीटू से संबंधित ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन में नगर पालिका कर्मचारी संघ के आ'ान पर जारी राज्य पर आपकी हड़ताल का किया समर्थन। सरकार को दी चेतावनी तुरंत कर्मचारियों की मांगों पर विचार करते हुए समाधान किया जाए वरना केंद्रीय ट्रेड यूनियन, सीटू मजदूर संगठन राज्य भर में आंदोलन के समर्थन में सड़कों पर उतरेगा। *मांग दिवस पर निकल गए जुलूस का नेतृत्व सीटू राज्य कामरेड सचिव सुनील दत्त, कामरेड दरियाव सिंह कश्यप एटक राज्य उप प्रधान, सीटू जिला सह संयोजक जय भगवान, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला प्रधान सुल्तान सिंह, कोषाध्यक्ष कुंवर सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा जिला प्रधान डॉक्टर सुरेंद्र मलिक, सचिव राजपाल, अखिल भारतीय ग्रामीण एवं खेत मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव राजेंद्र छोकर, हरियाणा खेत मजदूर यूनियन के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह कश्यप आदि ने किया। हड़ताल पर बैठे नगर पालिका कर्मचारी को समर्थन देते हुए सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त ने सरकार पर लगाएगी गंभीर आरोप। भाजपा सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतर आई है जनता की आवाज सुनने की बजाय मजदूर किसान कर्मचारियों के आंदोलन का दमन कर रही है। देश के तमाम सरकारी विभागों को देश के बड़े पूंजीपतियों अडानी अंबानी और विदेशी बहू राष्ट्रीय कंपनियों के हाथों नीलाम कर रही है। सरकार की गलत नीतियों के चलते देश आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है।

# जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी सहनः राजेश कुमार

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 12 मई। जनगणना के कार्य को लेकर नगर परिषद कार्यालय में कार्यकारी अधिकारी ने ली सुपरवाईजरों व प्रगणकों की बैठक, बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशासन द्वारा किया जाएगा सम्मानित

कुरुक्षेत्र, 12 मई। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि जनगणना कार्यों में लगे सभी सुपरवाईजरों को लगन और ईमानदारी से कार्य करना होगा। इस जनगणना के लिए जिस भी कर्मचारी को जो भी जिम्मेवारी सौंपी गई है उसे तय समय में पूरे तथ्यों के साथ पूरा करें। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय में जनगणना-2027 को लेकर सुपरवाईजरों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। यह जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी सुपरवाइजर एवं प्रणकों को निर्देश दिए कि मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के कार्य में तेजी लाते हुए 20 मई तक शत-प्रतिशत कार्य पूरा करें।

उन्होंने कहा कि सभी फील्ड में आमजन को भी जनगणना के महत्व के बारे में समझाए और ऑनलाइन अपना डाटा भरने के लिए जागरूक करें। सचिव अरविंद कुमार व जिला समन्वयक मंजू ने बताया कि बैठक में जनगणना के सभी पहलुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस बैठक में एचएलबीए एप पर कार्य प्रगति की समीक्षा की गई तथा प्रतिदिन की रिपोर्ट अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए। बेहतर कार्य करने वाले प्रगणकों को एवं सुपरवाईजरों को प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

# दबंगों का आतंक, मामूली विवाद में परिवार पर लाठी-डंडों से हमला

» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 12 मई।

ग्रेटर नोएडा में कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। दबंगों के हौसले लगातार बुलंद नजर आ रहे हैं। ताजा मामला ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र की एक निजी सोसायटी का है, जहां मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और आधा दर्जन दबंगों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में एक युवक और उसकी नाबालिग बेटी घायल हो गईं, जबकि पूरी वारदात सोसायटी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

# गाँव गोयला खुर्द में धान की सीधी बिजाई तकनीक एवं संतुलित उर्वरक उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## किसान धान की सीधी बिजाई से उत्पादन लागत कम करके अधिक लाभ कमा सकते हैं: सतपाल सिंह

» निर्मल सिंह विर्क




पानीपत, यूटर्न/ 12 मई। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र उझा द्वारा दिनांक 12 मई 2026 को गाँव गोयला खुर्द में धान की सीधी बिजाई तकनीक तथा फसलों में संतुलित उर्वरकों के उपयोग विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, ताकि किसान इस तकनीक को अपनाकर पानी की बचत करने के साथ-साथ अपनी आय में वृद्धि कर सकें। साथ ही संतुलित उर्वरकों के प्रयोग एवं मिट्टी परीक्षण आधारित पोषक तत्व प्रबंधन पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिससे किसान उत्पादन लागत कम कर अधिक शुद्ध लाभ प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के संयोजक डॉ. सतपाल सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि धान की सीधी बिजाई तकनीक वर्तमान समय की एक अत्यंत उपयोगी एवं जल संरक्षण आधारित तकनीक है। इस तकनीक से लगभग 20 से 25 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है। इसके अतिरिक्त नर्सरी तैयार करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है, श्रम एवं बिजली की बचत होती है तथा उत्पादन लागत भी रोपित धान की तुलना में कम आती है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि धान की सीधी बिजाई से पूर्व खेत का समतलीकरण अवश्य करवाएँ, क्योंकि समतल खेत में पानी की बचत होने के साथ-साथ अंकुरण अच्छा होता है तथा पौधों को पोषक तत्व भी बेहतर तरीके से प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि मध्यम से भारी बनावट वाली मिट्टी इस तकनीक के लिए उपयुक्त रहती है, जबकि हल्की एवं रेतीली मिट्टी में इसकी बिजाई नहीं करनी चाहिए, क्योंकि ऐसी मिट्टी में विशेष रूप से लौह तत्व की कमी देखने को मिलती है। किसानों को धान की उपयुक्त किस्मों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि किसान पूसा बासमती-1509, पूसा बासमती-1985 एच टी, पूसा बासमती-1847, एचकेआर-49, एचकेबी-22 आदि अल्पावधि किस्मों की बिजाई कर सकते हैं, जो लगभग 115 से 125 दिनों में पककर तैयार हो जाती हैं। बीज उपचार के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि बीज उपचार न करने पर फसल में कई प्रकार की बीमारियों का प्रकोप बढ़ सकता है। किसानों को कार्बेन्डाजिम (बाविस्टीन) एवं स्ट्रेप्टोसाइक्लिन द्वारा बीज उपचार की विधि विस्तार से बताई गई। उन्होंने बताया कि 10 लीटर पानी में 10 ग्राम कार्बेन्डाजिम एवं 1 ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन मिलाकर घोल तैयार करें तथा उसमें 10 किलोग्राम धान के बीज को 12 घंटे तक उपचारित करें। बाद में बीज को छाया में सुखाकर बिजाई करें। खरपतवार प्रबंधन के संबंध में किसानों को बताया गया कि यदि आपने बत्तर अवस्था में बिजाई की है तो बिजाई के तुरंत बाद पेंडीमेथालीन (स्टॉम्प 30 ईसी) का प्रयोग 1300 मिलीलीटर प्रति एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर करना चाहिए। पोषक तत्व प्रबंधन पर चर्चा करते हुए किसानों को सलाह दी गई कि वे मिट्टी परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग करें। सामान्यतः बासमती वर्ग की किस्मों के लिए आधा कट्टा डीएपी, 50 किलोग्राम यूरिया तथा 10 किलोग्राम जिंक सल्फेट (21 प्रतिशत) प्रति एकड़ पर्याप्त रहता है।

# सीएम के नाम लोक सम्पर्क अधिकारी रिटायर्ड सुरेन्द्र वर्मा कोथ ने सेवानिवृत वरिष्ठ आईएएस जयबीर आर्य को सौंपा ज्ञापन

### समाज के हितों के लिए स्वर्ण कला बोर्ड का गठन करे सरकार : संजीव एवं राजेन्द्र सोनी

» हरियाणा, यूटर्न/ 12 मई।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी के नाम लोक सम्पर्क अधिकारी रिटायर्ड सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ की अगुवाई में शिष्टमण्डल ने हरियाणा कैडर के रिटायर्ड वरिष्ठ आईएएस जयबीरसिंह आर्य को ज्ञापन दिया। स्वतंत्रता सेनानी स्व० वैद्य मुंशीराम आर्य परिवार के उत्तराधिकारी ओमप्रकाश ढाण्डा एवं क्रीति चक्र से सम्मानित मेजर मंजीत के पिता रिटायर्ड बीरभानसिंह गिल व अन्य महानुभावों की गरीमामयी उपस्थिति में वरिष्ठ आईएएस रिटायर्ड जयबीर आर्य को ज्ञापन देने के बाद सोनी समाज शिष्टमण्डल में शामिल डीआईपीआरओ रिटायर्ड सुरेन्द्र वर्मा कोथ, अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ जींद के जिला युवा प्रधान राजेन्द्र सोनी एवं समाज सेवी संजीव कुमार ने बताया कि सुनार समाज की मुख्य मांगों में आबादी के अनुपात में राज में हिस्सेदारी सुनिश्चित कर हरियाणा स्वर्ण कला बोर्ड का गठन करना शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी तरीके से दूसरे को भूखंड आवंटित करने का आरोप

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 12 मई।** मधुबन-बापूधाम में कृषक कोटे के भूखंड को गलत तरीके से आवंटित करने का आरोप लगाकर एक महिला ने जीडीए में शिकायत दी है। शिकायत में महिला ने विभाग के कुछ कर्मचारियों पर भी आरोप लगाए हैं। जीडीए सचिव विवेक मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी। सदरपुर निवासी राजकुमारी ने दी शिकायत में बताया कि उनके पिता सुखबीर की 2022 में मौत हो चुकी है। पिता की बीमारी के दौरान कुछ प्रॉपर्टी डीलरों ने गलत तरीके से उनके भाइयों को गुमराह कर फर्जी वसीयत तैयार की। इसके आधार पर उनके पिता के नाम पर जारी होने वाली भूखंड को गलत तरीके से किसी दूसरे के नाम पर कर दिया। जबकि प्रशासन की रिपोर्ट में वह, उनके दो भाई और मां ही वारिस हैं। आरोप है कि इस मामले में मार्च और अप्रैल में शिकायत कर अपना पक्ष रखा लेकिन उनकी सुनवाई नहीं की जा रही है।

### मांगों के समर्थन में तीन दिवसीय चक्का जाम करेगा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 12 मई।** ट्रांसपोर्टर्स की समस्याओं के विरोध में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने गाजियाबाद में तीन दिवसीय सांकेतिक चक्का जाम का ऐलान किया है। आगामी 21, 22 और 23 मई को एनसीआर के विभिन्न इलाकों में एसोसिएशन चक्का जाम करेगा। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन गाजियाबाद के प्रदेश अध्यक्ष सौदान गुर्जर ने इसके लिए सभी पदाधिकारियों के साथ ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के चक्का जाम को अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन गाजियाबाद का एक-एक कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा है। प्रदेश अध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर ने बताया कि देश के सभी प्रदेशों से दिल्ली आने वाले ट्रकों पर ईसीसी एनजीटी टैक्स में बढ़ोतरी की गई है।

### ट्रांसफार्मर की चिंगारी से कूड़े में लगी आग, 100 झुग्गियां बचीं

**कौशांबी, यूटर्न/ 12 मई।** वैशाली सेक्टर एक स्थित बिजली घर के ट्रांसफॉर्मर में अचानक धमाका होने के साथ निकली चिंगारी से घास में आग लग गई। ट्रांसफॉर्मर के पास मौजूद करीब 100 झुग्गियों की तरफ बढ़ती आग को दमकल की टीम ने रोका। इससे बड़ा हादसा होने से बचाया जा सका। हादसा सोमवार दोपहर करीब पौने तीन बजे हुआ था। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि वैशाली फायर स्टेशन पर झुग्गी-झोपड़ी में आग की सूचना मिली थी। दो फायर टेंडर के साथ दमकल की टीम मौके पर भेजी गई।

# प्रेम इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज द्वारा नर्सिंग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 12 मई। फ्लोरेंस नाइटिंगेल, आधुनिक नर्सिंग की जननी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष में प्रेम इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज बडौली , पानीपत में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस वर्ष की थीम हमारी नर्सेस, हमारा भविष्य । नर्सिंग की आर्थिक शक्ति क्योंकि सशक्त नर्सेस जीवन बचाती है, पर आधारित कार्यक्रम में नर्सेस का नर्सिंग क्षेत्र में योगदान और महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेम इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, डॉक्टर प्रेम कैंसर हॉस्पिटल ,डॉक्टर प्रेम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के अध्यक्ष डॉक्टर पंकज मुटनेजा , उपाध्यक्ष डॉक्टर रचना मुटनेजा जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण के किया गया। इस अवसर पर वेद नर्सिंग कॉलेज एवं वेद नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट



के नर्सिंग स्टाफ एवं सभी छात्र-छात्राओं ने नाइटिंगेल के पथ पर चलने की शपथ एवं सेवा करुणा और समर्पण का संकल्प लिया। इस अवसर पर वेद नर्सिंग कॉलेज एवं वेद नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट की प्राचार्या निधि शर्मा ने कहा कि नर्सेस स्वास्थ्य सेवा की रीड की हड्डी है कोविड महामारी के दौरान जिस तरह नर्सिंग समुदाय ने अपनी जान की परवाह किए बिना मरीजों की सेवा की वह अनुकरणीय हैं। आज का दिन उनके इसी त्याग और समर्पण को सम्मान देने का दिन है। आज अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के उपलक्ष में वेद नर्सिंग कॉलेज के द्वारा कैमला गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं काबरी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र और छात्राओं को आमंत्रित किया गया। जिसमें सभी छात्र एवं छात्राओं को नर्सिंग ,फिजियोथेरेपी में करियर एवं भविष्य के बारे में जानकारी दी गई साथ ही सभी छात्रों को लाफ्टर थेरेपी, हाइजीन केयर के लिए जागरूक किया गया। साथ ही आज नर्सिंग के छात्रों द्वारा मॉडल प्रतियोगिता एवं मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 90 मॉडल प्रदर्शनी में लगाया गया था जो कि स्वास्थ्य से सम्बंधित अलग अलग थीम पर आधारित था,सबसे बेहतरीन मॉडल को आज के सम्मानित अतिथि मिस नवकिरण जो कि एक विख्यात अंतर्राष्ट्रीय नर्स है एवं नवकिरण नर्सिंग क्लासेज के फाउंडर है के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रेम इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज बडौली पानीपत के सीईओ एवं निदेशक रिटायर्ड ब्रिगेडियर जे आर सेठी, प्रशासनिक अधिकारी श्री जोगिंदर सिंह, निदेशक नर्सिंग कॉलेज श्री पॉल दिनाकरन , एन एन पाण्डेय सहित सभी स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# चर्चा में निकाह : दूल्हे को एक करोड़ नकद और बीएमडब्ल्यू कार देने का वीडियो वायरल




» इंदिरापुरम, यूटर्न/ 12 मई।

क्षेत्र में 10 मई को हुए एक निकाह का वीडियो तेजी से वायरल होने के कारण चर्चा में है। चर्चित वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर भी लगातार टिप्पणियां की जा रही हैं। वायरल वीडियो मुस्लिम समाज से संबंधित बताया जा रहा है। दहेज में दूल्हे को एक करोड़ से अधिक की नकद राशि और बीएमडब्ल्यू दिए गए। साथ ही निकाह कराने वाले बिचौलिये को भी स्कार्पियो देने की बात सामने आई है। हालांकि इस वीडियो पर लोग दहेज को बढ़ावा देने की बात कहते हुए तरह-तरह की टिप्पणी कर रहे हैं।

हालांकि अमर उजाला इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। वहीं, कुछ लोगों ने आयकर विभाग को टैग करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो व टिप्पणी पोस्ट की है।

सोशल मीडिया के एक्स यूजर जाकिर अली त्यागी ने 58 सेकेंड की वीडियो पोस्ट की है। इसमें एक व्यक्ति दूल्हे और बरातियों के बीच खड़े होकर 1,01,11000 रुपये नकद और एक बीएमडब्ल्यू कार देने की घोषणा करता है। वहीं, एक अन्य व्यक्ति ने बिचौलिये को स्कॉर्पियो कार देने की आवाज लगाई और उसे चाबी थमा दी। सोशल मीडिया पर अपलोड की गई पोस्ट के अनुसार शादी में छोटी भूमिका निभाने वाले लोगों को भी बाइकें दी गई हैं। निकाह इदरीशी समाज में होने की बात सामने आई है। पोस्ट वीडियो पर लोगों ने तरह-तरह की टिप्पणियां दी हैं।

नौशाद इदरीशी नामक एक्स यूजर ने लिखा कि यह मुस्लिम समाज के लिए श्राप है। इन्हें यह अहसास भी नहीं कि जिनके पास इतना खर्च करने की क्षमता नहीं है उनके दिल पर क्या गुजर रही होगी। यूजर ने कमेंट में आयकर विभाग को भी टैग किया है। वहीं, सुल्तान खान लिखते हैं कि मौलाना साहब गरीब बेटियों की शादी करा देते, तुम जैसे लोगों ने ही मुस्लिम परिवारों को बदनाम कर रखा है। इनके अलावा भभी मुस्लिम समाज के कई लोगों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। सभी ने इसे समाज के प्रति गलत धारणा और दहेज प्रथा को बढ़ावा देने वाला बताया है।

### नकद और रुपये देने वाला राजनैतिक पार्टी से जुड़ा

जानकारी के अनुसार वीडियो में जो व्यक्ति नकदी और कीमती गाड़ी दिए जाने की बात कहता दिखाई दे रहा है। वह एक राजनैतिक पार्टी से जुड़ा हुआ है और आपराधिक इतिहास भी बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि वह लोनी का रहने वाला है। कुछ समय पहले भड़काऊ बयानबाजी के चलते गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई है लेकिन अभी तक पुलिस के पास कोई शिकायत नहीं आई है। यदि लिखित में तहरीर मिलती है तो जांच करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# जहां बनाए विलुप्त कूड़ा घर...वहीं सबसे ज्यादा लगे गंदगी के ढेर

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 12 मई।** टीएचए में पांच से अधिक इलाकों में नगर निगम ने करीब सात लाख रुपये खर्च कर विलुप्त कूड़ा घर बनाए। मगर विलुप्त कूड़ाघर पर मोटी राशि खर्च करने के बावजूद मात्र तीन माह में यहां सबसे अधिक गंदगी के ढेर हैं। इससे आसपास के लोग बदबू, गंदगी और बीमारियों के डर से परेशान हैं।

नगर निगम ने करीब तीन महीने पहले सात लाख रुपये खर्च करके इंदिरापुरम, वसुंधरा, वैशाली, साहिबाबाद में पांच कूड़ा घर को विलुप्त कराया गया। इसके बाद वहां पर राशि खर्च करके सौंदर्यकरण कराया गया। निवासियों को शुरू में स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हुआ, लेकिन कुछ दिन बाद लोग ही यहां पर कूड़ा फिर से डालने लगे। हालत यह हो गई कि अब विलुप्त कूड़ा घरों पर सबसे अधिक गंदगी के ढेर लगे हैं। हालांकि निगम की ओर से लोहे की एंगल की दीवार बनाकर कवर किया था कि वहां दोबारा कूड़ा न डाला जाए। उसकी दीवारों पर स्लोगन लिखे गए थे।

इंदिरापुरम स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल और रिहायशी इलाके के पास करीब दो साल से रोजाना कूड़ा डाला जा रहा है। इसकी अभिवावक और आसपास के क्षेत्र के लोग लगातार शिकायत भी कर रहे थे। शिकायत का संज्ञान लेकर ही यह विलुप्त कूड़ा घर बनाया गया था लेकिन इसके बाद भी लगातार कूड़ा डाला जा रहा है। गंदगी और बदबू से लोग परेशान हैं। निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं, वसुंधरा सेक्टर सात और वैशाली सेक्टर चार आर्य मंदिर के पास भी यही स्थिति बनी हुई है। स्थानीय निवासी रातीव का कहना है कि नगर निगम की ओर से यहां कूड़ा डाला जा रहा है।

# हाईराइज सोसायटियों के फ्लैटों में रोजाना जन्म ले रहे दो बच्चे, दाई करा रहीं डिलीवरी, ऐसे हुआ खुलासा

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 12 मई।

कविनगर, सिटी और विजयनगर क्षेत्र की हाईराइज सोसायटियों में रोजाना दो बच्चों का जन्म फ्लैट में हो रहा है। इसकी पुष्टि नगर निगम में जन्म प्रमाणपत्र के लिए आ रहे आवेदन कर रहे हैं। नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच इन तीनों जोन की हाईराइज सोसायटियों से 732 ऐसे आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें शिशु का जन्म घर पर होना दर्शाया गया है। खास बात यह है कि स्कूलों में दाखिले के समय, यानी फरवरी-मार्च में जन्म प्रमाणपत्र के लिए आवेदनों की संख्या 25 से 30 फीसदी तक बढ़ जाती है। इस वर्ष फरवरी-मार्च के दौरान कविनगर जोन से 1306, विजयनगर से 557 और सिटी जोन से 660 जन्म प्रमाणपत्र



जारी किए गए।

इनमें से 1893 बच्चों का जन्म अस्पतालों में हुआ, जिनकी सूचना सीधे अस्पतालों से जोनल कार्यालयों को प्राप्त हुई। वहीं, 630 मामलों में प्रसव घर पर हुआ, जिनमें 123 बच्चे हाईराइज सोसायटियों के फ्लैटों में जन्मे। इस प्रकार तीनों जोन में लगभग हर चौथा बच्चा घर में जन्म ले रहा है।

कविनगर जोनल कार्यालय के प्रभारी राजेश गुप्ता ने बताया कि फरवरी-मार्च को छोड़कर अन्य महीनों में हर महीने 150 से 170 आवेदन घर पर प्रसव के आते हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावक शपथपत्र में स्पष्ट रूप से फ्लैट में जन्म होने की जानकारी देते हैं।

### दावों पर उठे सवाल

स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि जिले में 100 फीसदी प्रसव सरकारी या निजी अस्पतालों में हो रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, गर्भवती महिलाओं की देखभाल से लेकर प्रसव तक की जिम्मेदारी आशा कार्यकर्ताओं की होती है और इसके लिए उन्हें प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। हालांकि, नगर निगम के आंकड़े इस दावे से अलग तस्वीर पेश कर रहे हैं।

### 21 दिन बाद लंबी प्रक्रिया

जोनल प्रभारी राजेश गुप्ता के अनुसार, अस्पताल से सीधे सूचना मिलने पर जन्म प्रमाणपत्र तुरंत जारी कर दिया जाता है। लेकिन जन्म के 21 दिन के भीतर सूचना न देने पर अभिभावकों को मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन और शपथपत्र दाखिल करना पड़ता है।

# चोरी के वाहन मिलने पर स्क्रैप सेंटर का लाइसेंस रद्द करने की संस्तुति

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 12 मई।** मेरठ रोड स्थित मोरटा औद्योगिक क्षेत्र के एक स्क्रैप सेंटर से चोरी के तीन वाहन बरामद होने के बाद संभागीय परिवहन विभाग ने उसके लाइसेंस को रद्द करने के लिए शासन को पत्र भेजा है। पत्र में स्क्रैप सेंटर में अनियमित और अनैतिक गतिविधियां पाए जाने का उल्लेख किया गया है। कार्रवाई के लिए पुलिस रिपोर्ट को आधार बनाया गया है। आरटीओ प्रशासन प्रमोद सिंह ने बताया कि हाल में पुलिस ने शासन से मान्यता प्राप्त मोरटा स्थित स्क्रैप सेंटर में नवंबर 2025 में छापेमारी के दौरान चोरी के वाहन बरामद किए थे। जांच में अन्य गड़बड़ियां भी सामने आई थीं। इसके बाद परिवहन विभाग ने स्क्रैप सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करते हुए शासन को लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति भेज दी। शहर में शासन से दो अधिकृत स्क्रैप सेंटर संचालित किए जा रहे हैं, जहां मियाद पूरी कर चुके वाहनों के निस्तारण की व्यवस्था है। मोरटा स्क्रैप सेंटर का मामला सामने आने के बाद विभाग ने सख्त रुख अपनाया है।

शहर में करीब 3.45 लाख ऐसे वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिनकी आयु पूरी हो चुकी है। अधिकारियों के मुताबिक, दो में से एक स्क्रैप सेंटर बंद होने की स्थिति में इन वाहनों के निस्तारण में दिक्कत आ सकती है। हालांकि, विभाग का कहना है कि दूसरे अधिकृत स्क्रैप सेंटर के माध्यम से वाहनों के निस्तारण की व्यवस्था जारी रखी जाएगी।

# केंद्र ने ऑफशोर और डीपवाटर तेल एवं गैस ब्लॉक पर घटाई रॉयल्टी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।**



केंद्र सरकार ने डीपवाटर और अल्ट्रा-डीपवाटर ऑफशोर ब्लॉक से कच्चे तेल और केसिंग हेड कंडेनसेट उत्पादन पर रॉयल्टी को कम कर दिया है। यह जानकारी सरकार की ओर से ऑयल एंड गैस क्षेत्र में रॉयल्टी को लेकर जारी किए गए नए नोटिफिकेशन में दी गई। नए संशोधित ढांचे के अंतर्गत, डीपवाटर क्षेत्रों के लिए रॉयल्टी कॉमर्शियल उत्पादन शुरू होने के पहले सात वर्षों के लिए 5 प्रतिशत और आठवें वर्ष से अधिक के लिए 10 प्रतिशत निर्धारित की गई है। अल्ट्रा-डीपवाटर क्षेत्रों से कॉमर्शियल उत्पादन पर पहले सात वर्षों तक कोई रॉयल्टी नहीं ली जाएगी। हालांकि, आठ वर्ष के बाद उत्पादन जारी रखने पर 5 प्रतिशत रॉयल्टी देनी होगी। इसके अलावा, संशोधित रॉयल्टी अनुसूची में विभिन्न व्यवस्थाओं के तहत आवंटित क्षेत्र शामिल हैं, जिनमें राष्ट्रीय तेल कंपनियों को नामांकन-आधारित आवंटन, नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) से पहले आवंटित ब्लॉक और हाइड्रोकार्बन अन्वेषण एवं लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) और डिस्कवर्ड स्मॉल फील्ड (डीएसएफ) नीति के तहत आवंटित क्षेत्र शामिल हैं। स्थलीय और उथले जल क्षेत्रों के लिए, अधिकांश श्रेणियों में रॉयल्टी दर 12.5 प्रतिशत पर बनी हुई है, जबकि कुछ ऑफशोर और अल्ट्रा-डीपवाटर उत्पादन श्रेणियों पर कम रॉयल्टी लागू होगी।

सरकार ने संशोधित ढांचे के तहत निर्दिष्ट कुछ श्रेणियों के लिए 7.5 प्रतिशत की रॉयल्टी दर को भी बरकरार रखा है। सरकार का यह कदम ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में बढ़ती अस्थिरता के कारण दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं दबाव का सामना कर रही हैं।

# अदाणी पोर्ट्स की सब्सिडियरी ने अमेरिकी कंपनी ओशनियरिंग के साथ किया समझौता

## डीपवॉटर कारोबार को मिलेगा बड़ा विस्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।**



अदाणी ग्रुप की प्रमुख कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने मंगलवार को कहा कि उसकी समुद्री क्षेत्र की सब्सिडियरी एस्ट्रो ऑफशोर ने अमेरिका की इंजीनियरिंग और एप्लाइड टेक्नोलॉजी कंपनी ओशनियरिंग इंटरनेशनल इंक. के साथ साझेदारी की है। इस समझौते का उद्देश्य अल्ट्रा-डीपवॉटर और सबसी ऑपरेशंस में विस्तार करना है, जिसे कंपनी की वैश्विक ऑफशोर ग्रोथ रणनीति में बड़ा कदम माना जा रहा है।

दोनों कंपनियों के बीच हुआ यह समझौता यूरोप में विशेष ऑफशोर अवसरों का लाभ उठाने और जटिल सबसी इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स में क्षमताओं को मजबूत करने के लिए किया गया है, जिसमें अंडरवॉटर कंस्ट्रक्शन, पाइपलाइन इंस्टॉलेशन, निरीक्षण और रखरखाव जैसे काम शामिल हैं।

यह कदम एपीएसईजेड की उस बड़ी रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी लॉजिस्टिक्स, ऑफशोर सपोर्ट सर्विसेज और डीपवॉटर इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस को मिलाकर एक वैश्विक समुद्री प्लेटफॉर्म तैयार करना चाहती है।

अपने विस्तार अभियान के तहत एस्ट्रो ऑफशोर ने अपना पहला अल्ट्रा-डीपवॉटर जहाज 'एस्ट्रो ऑफशोर' शामिल किया है। इससे कंपनी की आधुनिक तकनीक और हाई-स्पेसिफिकेशन वाले नए बेड़े को मजबूत करने की रणनीति को बल मिलेगा।

एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्वनी गुप्ता ने कहा कि यह साझेदारी कंपनी के वैश्विक स्तर पर विविधीकृत समुद्री प्लेटफॉर्म बनाने के लक्ष्य को समर्थन देती है। उन्होंने कहा कि एस्ट्रो ऑफशोर के आधुनिक जहाजों और ओशनियरिंग की डीपवॉटर इंजीनियरिंग तथा आरओवी विशेषज्ञता को मिलाकर कंपनी जटिल ऑफशोर ऑपरेशंस में अपनी क्षमताएं बढ़ा रही है और यूरोप में भी विस्तार कर रही है।

एस्ट्रो ऑफशोर के सीईओ मार्क हम्फ्रीज ने कहा कि एस्ट्रो एटलस के जुड़ने से कंपनी की अल्ट्रा-डीपवॉटर क्षमताएं और मजबूत हुई हैं। इससे कंपनी ऑफशोर क्षेत्र की व्यापक जरूरतों को पूरा कर सकेगी।

उन्होंने कहा, 'यह अब तक हमारा सबसे बड़ा और सबसे सक्षम जहाज है, जो हमें जटिल ऑफशोर ऑपरेशंस को बेहतर तरीके से संभालने और ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुसार सेवाएं देने में मदद करेगा।'

इसके अलावा, 97 मीटर लंबा डीपी2 मल्टीपर्पज सपोर्ट वेसल (पूर्व नाम एनर्जी सवाना) अत्याधुनिक सबसी सिस्टम से लैस है। इसमें 150 टन क्षमता वाली क्रेन, दूसरी क्रेन, मूनपूल और 100 लोगों तक के रहने की सुविधा मौजूद है।

# संक्षिप्त खबरें

## भारत वैश्विक पहचान के लिए मेड इन इंडिया ब्रांडिंग योजना लॉन्च करेगा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।** भारतीय उत्पादों को वैश्विक मंच पर सशक्त पहचान दिलाने के लिए सरकार जल्द ही एक व्यापक 'मेड इन इंडिया' ब्रांडिंग योजना शुरू करने जा रही है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के एक अधिकारी बताया कि स्टील क्षेत्र में प्रायोगिक परियोजना की सफलता के बाद यह पहल की जा रही है, जिसके परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक सम्मेलन में भाटिया ने कहा कि यह योजना लंबे समय से लंबित थी और अब इसे आखिरकार लॉन्च किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस्पात क्षेत्र में चलाई गई प्रायोगिक परियोजना के परिणाम काफी उत्साहजनक रहे हैं। सरकार अब उद्योग के साथ उन क्षेत्रों पर चर्चा करेगी जहां इसे लागू किया जा सकता है, लेकिन इसका ढांचा तैयार है। इसी कार्यक्रम में एक अलग सत्र में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने भारत की औद्योगिक नीति को व्यापार नीति का पूरक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक ऐसी औद्योगिक नीति की आवश्यकता है जो कुछ आयातों को घरेलू उत्पादों से प्रतिस्थापित करे और देश में आर्थिक विकास को गति दे। यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागरिकों से आयातित वस्तुओं की खपत कम करने के आग्रह के एक दिन बाद आई है, जिसका उद्देश्य पश्चिम एशिया युद्ध के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बीच विदेशी मुद्रा की मांग को कम करना है।

## निजी अस्पतालों में इलाज करवाना हुआ 10 गुना महंगाः रिपोर्ट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसएसओ) की स्वास्थ्य पर घरेलू सामाजिक खपत पर आधारित एक ताजा सर्वेक्षण रिपोर्ट ने चिंताजनक आंकड़े पेश किए हैं। बीते तीन दशकों में देश के निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लगभग दस गुना तक बढ़ गया है, जो 1995-96 में 4,822 रुपये से बढ़कर 2025 तक 50,508 रुपये हो गया है। यह भारी वृद्धि न केवल निजी बल्कि सरकारी अस्पतालों में भी देखी गई है, जहां इलाज का खर्च 2,138 रुपये से बढ़कर 6,631 रुपये हो गया है, जो तीन गुना इजाफे को दर्शाता है। इस रिपोर्ट के अनुसार, निजी और सरकारी अस्पतालों के बीच इलाज के खर्च का अंतर अब काफी बढ़ गया है; जो पहले दोगुना था, अब मरीजों को निजी अस्पतालों में सरकारी के मुकाबले सात गुना से अधिक पैसा अपनी जेब से खर्च करना पड़ रहा है।

# गूगल और एप्पल ने आरसीएस मैसेजिंग के लिए शुरू किया एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।**



अमेरिकी टेक दिग्गज कंपनी गूगल और एप्पल ने एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज (आरसीएस) मैसेजिंग, आईफोन और एंड्रॉइड यूजर्स के लिए शुरू करने का ऐलान किया है। इसे क्रॉस-मैसेजिंग प्लेटफॉर्म में एक बड़ा सुधार माना जा रहा है, क्योंकि इससे प्राइवेसी सुनिश्चित होगी। एप्पल ने कहा कि उसने इंडस्ट्री इनिशिएटिव के तहत एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज के सपोर्ट के लिए गूगल से साझेदारी की है। यह पारंपरिक मैसेज सिस्टम को रिप्लेस करेगा।

एप्पल के मुताबिक, यह फीचर अब आईओएस 26.5 पर चलने वाले आईफोन यूजर्स के साथ-साथ गूगल मैसेज के लेटेस्ट वर्जन का उपयोग करने वाले एंड्रॉइड यूजर्स के लिए बीटा में उपलब्ध है। एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन चालू होने से, आरसीएस के माध्यम से भेजे गए संदेशों को स्मार्टफोन के बीच ट्रांसमिशन के दौरान एक्सेस या पढ़ा नहीं जा सकता है, जिससे यूजर्स की प्राइवेसी सुनिश्चित होती है। एप्पल ने कहा कि यूजर्स आरसीएस चैट में प्रदर्शित एक नए लॉक आइकन के माध्यम से एन्क्रिप्टेड बातचीत की पहचान कर सकेंगे। इसके अलावा, यह फीचर डिफॉल्ट रूप से चालू रहेगा और धीरे-धीरे नए और मौजूदा दोनों तरह की बातचीत के लिए सक्रिय हो जाएगा।

इसके अतिरिक्त गूगल ने कहा कि उसका मैसेज प्लेटफॉर्म कई वर्षों से एंड्रॉइड डिवाइसों के बीच एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड मैसेज का सपोर्ट कर रहा है, और कंपनी ने अब इन सुरक्षा सुविधाओं को क्रॉस-प्लेटफॉर्म आरसीएस तक विस्तार कर दिया है।

गूगल के अनुसार, एन्क्रिप्शन डिफॉल्ट रूप से चालू रहेगा और समर्थित डिवाइसों पर नए और मौजूदा दोनों तरह के आरसीएस के लिए धीरे-धीरे रोल आउट किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, एप्पल ने बताया कि आईमैसेज को गोपनीयता को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया था और यह हमेशा से एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन का समर्थन करता रहा है। इसने आगे कहा कि आईमैसेज एप्पल इकोसिस्टम के भीतर उपयोगकर्ताओं के लिए संवाद करने का सबसे सुरक्षित और निर्बाध तरीका बना हुआ है।

# गूगल सर्च में आई रुकावट, इंटरनल सर्वर एरर बनी वजह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।**



अमेरिकी टेक कंपनी अल्फाबेट के गूगल सर्च में मंगलवार की सुबह वैश्विक स्तर पर यूजर्स को रुकावट (आउटेज) का सामना करना पड़ा। यह भारत के साथ अमेरिका और अन्य रीजन में भी देखने को मिला।

गूगल सर्च लॉग इन करने वाले कई यूजर्स को स्क्रीन पर एक मैसेज दिखाई दिया, जिसमें लिखा था कि हमें खेद है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि आपके अनुरोध को प्रोसेस करते समय इंटरनल सर्वर एरर आ गई है। हमारे इंजीनियरों को सूचित कर दिया गया है और वे समस्या का समाधान करने के लिए काम कर रहे हैं। कृपया बाद में पुनः प्रयास करें। गूगल सर्च में रुकावट की ऑनलाइन आउटेज ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर यूजर्स ने शिकायत की, अकेले भारत से ही कुछ ही समय में सैकड़ों शिकायतें सामने आईं।

इसके अलावा, इस समस्या को '500 इंटरनल सर्वर एरर' के रूप में पहचाना गया, जो आमतौर पर सर्वर में समस्या की ओर इशारा करता है, न कि यूजर्स के उपकरणों या इंटरनेट कनेक्शन में किसी समस्या को।

यह एरर आमतौर पर तब होती है जब बैकएंड इंफ्रास्ट्रक्चर में तकनीकी समस्याओं के कारण यूजर्स के ब्राउजर और कंपनी के सर्वरों के बीच संचार बाधित हो जाता है।

# हुंडई मोटर इंडिया का शेयर 3 फीसदी बढ़कर 1,907 पर पहुंचा

## 30 फीसदी तक अपसाइड के साथ कई नई एसयूवी-ईवीएस पाइपलाइन में

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।**




हुंडई मोटर इंडिया (एचएमआईएल) का शेयर करीब 3 फीसदी उछलकर 1,907 पर पहुंच गया। कंपनी के मजबूत एसयूवी पोर्टफोलियो और आगामी मॉडल लॉन्च योजनाओं को देखते हुए ब्रोकरेज हाउसेज ने इसमें जोरदार तेजी की उम्मीद जताई है। मार्च तिमाही में एचएमआईएल की आय 5 फीसदी बढ़कर 189.2 रुपए अरब रही, जिसमें घरेलू बिक्री और निर्यात दोनों में करीब 9 फीसदी की वृद्धि हुई। कच्चे माल व नए प्लांट की शुरुआती लागत से मार्जिन दबाव में रहा, लेकिन अन्य आय ने मुनाफे को अनुमान से बेहतर बनाए रखा। कंपनी अगले कुछ सालों में एक नई मिड-साइज एसयूवी और कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी समेत कई मॉडल लॉन्च करेगी। वित्त वर्ष 26 में कुल घरेलू बिक्री में एसयूवी की हिस्सेदारी 68 फीसदी रही, जो प्रीमियम सेगमेंट पर उसके मजबूत फोकस को दर्शाती है।

# भारत 2030 तक 1500 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा का लक्ष्य रखेः अमिताभ कांत

## ऊर्जा स्वतंत्रता और वैश्विक हरित केंद्र के लिए आ'ान

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 मई।**




पूर्व जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने भारत को स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने का आ'ान किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि देश को वर्ष 2030 तक अपनी स्वच्छ ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 500 गीगावाट से बढ़ाकर 1,500 गीगावाट करना चाहिए। कांत ने इस कदम को भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता सुनिश्चित करने और उसे वैश्विक हरित ऊर्जा का एक प्रमुख केंद्र बनाने के लिए आवश्यक बताया। कांत ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक परिचर्चा सत्र में कहा कि भारत का ऊर्जा बदलाव अब केवल जलवायु उद्देश्य नहीं रहा, बल्कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं और आपूर्ति व्यवधानों के बीच एक रणनीतिक और भू-राजनीतिक अनिवार्यता बन गया है।

उन्होंने देश की 85 फीसदी जीवाश्म ईंधन और लगभग 50 फीसदी गैस मांग के लिए आयात पर निर्भरता पर प्रकाश डालते हुए मौजूदा लक्ष्यों को महत्त्वाकांक्षा की कमी वाला बताया। कांत ने देश को पेट्रोल राज्य से एक इलेक्ट्रिक राज्य में बदलने का आ'ान करते हुए पेट्रोल-डीजल इंजन वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए आक्रामक समय-सीमा का प्रस्ताव रखा। इसके तहत 2027 के बाद दोपहिया व तिपहिया वाहनों, 2030 के बाद बसों व ट्रकों और 2032 के बाद चारपहिया वाहनों के पंजीकरण को बंद करने का सुझाव दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि अपर्याप्त पारेषण बुनियादी ढांचा ऊर्जा परिवर्तन में बड़ी बाधा है, जिससे लगभग 31 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता ठप पड़ी है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग बढ़ने से पहले वितरण कंपनियों के साथ मिलकर पारेषण लाइनें, ग्रिड और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने का आग्रह किया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# गुरुग्राम में खड़ी रही बाइक, फरीदाबाद में कटते रहे चालान; ई-चालान ने ऐसे खुला राज

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 12 मई।**

डिजिटल ट्रैफिक निगरानी के दौर में ई-चालान सिस्टम जहां नियम तोड़ने वालों पर नजर रख रहा है वहीं इसी सिस्टम ने एक ऐसे मामले का खुलासा भी किया है जिसमें एक बाइक मालिक के नाम पर दूसरे शहर में लगातार चालान कटते रहे। मामला तिगांव थाना क्षेत्र का है जहां गुरुग्राम निवासी युवक ने उसकी बुलेट बाइक के नंबर का इस्तेमाल दूसरी बाइक पर किए जाने की शिकायत पुलिस को दी है। गुरुग्राम के थाना सदर सोहना क्षेत्र निवासी प्रदीप ने पुलिस को बताया कि उसके




पास बुलेट बाइक है। जिसका रजिस्ट्रेशन उसके भाई कपिल के नाम पर है। कुछ दिन पहले जब उसने ऑनलाइन ई-चालान रिकॉर्ड चेक किया तो पता चला कि उसकी बाइक के नंबर पर फरीदाबाद में छह चालान दर्ज हैं।

प्रदीप के अनुसार, उसकी बाइक कभी फरीदाबाद नहीं गई।

लगातार चालान दर्ज होने पर उसने चालानों की कॉपी और वाहन रिकॉर्ड की जांच की। इसके बाद वह खुद जानकारी जुटाने के लिए गांव मौजाबाद मंझावली पहुंचा। शिकायत में उसने बताया कि वहां उसे एक बाइक पर उसकी बाइक का नंबर लगा दिखाई दिया।

**पुलिस ने दर्ज किया केस**

मामले की शिकायत मिलने के बाद थाना तिगांव पुलिस ने 10 मई को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि मामले में ई-चालान रिकॉर्ड, दोनों मोटरसाइकिलों के दस्तावेज और नंबर प्लेट से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**ई-चालान रिकॉर्ड से सामने आया मामला:** इस पूरे मामले में ई-चालान सिस्टम अहम कड़ी बनकर सामने आया। ऑनलाइन रिकॉर्ड देखने के दौरान ही युवक को पता चला कि उसके वाहन नंबर पर अलग-अलग स्थानों पर ट्रैफिक नियम उल्लंघन के चालान दर्ज हैं। इसके बाद उसने संबंधित दस्तावेज जुटाकर पुलिस से संपर्क किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वाहन मालिक समय-समय पर अपने वाहनों के ऑनलाइन चालान रिकॉर्ड जरूर चेक करें।

# बिजली चोरी नहीं रुकी तो अफसरों की पदोन्नति पर लगेगा ब्रेक

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 12 मई।**

बिजली चोरी रोकने में नाकाम रहने वाले ऊर्जा निगम के जेई, एसडीओ और एक्सईएन की जवाबदेही अब तय होगी। अगर उनके कार्यक्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में लाइन लॉस और बिजली चोरी में कमी नहीं आती है तो संबंधित अधिकारियों की पदोन्नति प्रभावित हो सकती है। इसकी रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय भेजी जाएगी।

ऊर्जा निगम के जोन-एक और जोन-तीन में बिजली चोरी के मामले अपेक्षाकृत कम हैं, लेकिन जोन-दो के अंतर्गत लोनी और मुरादनगर क्षेत्र में लाइन लॉस व बिजली चोरी करीब 20 फीसदी तक पहुंच रही है। इससे निगम को हर महीने लगभग 12 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं, जोन-एक और जोन-तीन के कई बिजलीघरों में 2.5 फीसदी से भी कम नुकसास हो रहा है। इसे लाइन लॉस में गिना जा रहा है।

जोन-दो के मुख्य अभियंता नरेश भारती ने बताया कि बिजली चोरी रोकने और लाइन लॉस कम करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। जिन क्षेत्रों में बिजली चोरी और लाइन लॉस अधिक है, वहां निगरानी बढ़ाई गई है। विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाकर छापेमारी की जाएगी।

साथ ही संबंधित क्षेत्रों के एसडीओ और एक्सईएन की जवाबदेही तय की



गई है। आने वाले समय में स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो इसका उल्लेख अधिकारियों के सर्विस रिकॉर्ड में किया जाएगा, जो उनकी पदोन्नति में बाधा बन सकता है।

**१० घंटे बाद बहाल हुई बिजली आपूर्ति**

मसूरी क्षेत्र में रेलवे स्टेशन रोड, अजीजनगर, एनएच-9 सर्विस रोड और मेन रोड समेत आसपास के इलाकों में करीब 20 घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। भीषण गर्मी में लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उपखंड अधिकारी अंकित कुमार ने बताया कि एचआरएम बिजलीघर से कस्बे को जाने वाली अंडरग्राउंड केबल कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गई थी। फाल्ट ढूंढने में कर्मचारियों को काफी समय लग गया। स्थानीय निवासी रईस अहमद ने बताया कि रविवार शाम से बिजली आपूर्ति ठप थी।

# कॉल न उठाने वाले अफसर-कर्मचारियों पर कसेगा शिकंजा

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 12 मई।**

फोन कॉल न उठाने वाले अफसर-कर्मचारियों पर शिकंजा कसेगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इसको लेकर अधीनस्थों के साथ बैठक की और कड़ाई से इसका पालन सुनिश्चित कराने के आदेश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से लेकर आम जनता की यह शिकायत रहती है कि निगम के अफसर और कर्मचारी फोन नहीं उठाते। इसलिए उनको मजबूरी में कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसमें उनको समय और धन दोनों की बबादी होती है। मजबूरी में उच्चाधिकारियों के पास जाना पड़ता है।




नगर आयुक्त ने बताया कि सभी विभागों के अफसर और कर्मचारियों को स्पष्ट तौर पर कॉल उठाने और कॉल न उठने की दशा में वापस कॉल करने के आदेश जारी किए गए हैं। आगे यदि इसमें किसी प्रकार की शिकायत आती है तो कार्रवाई तय है। उन्होंने आईजीआरएस, सोशल मीडिया और सीयूजी नंबरों पर आने वाली शिकायतों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण के आदेश दिए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सोमवार को मोहननगर, सिटी और कविनगर जोन के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हिंडन एयरफोर्स स्टेशन से लेकर नागद्वार, मोहननगर चौराहा, एलिवेटेड रोड, फुटपाथ आदि स्थानों पर जाकर कार्यों की गुणवत्ता जांची। मौके पर मिली खामियों को लेकर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने सड़कों से धूल हटाने और कार्य में गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया।

# 50 दिन बाद भी महिला की हत्या का खुलासा नहीं

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 12 मई।** मधुबन-बापूधाम क्षेत्र स्थित सूखे नाले में महिला का शव मिलने के 50 दिन बाद भी पुलिस मामले को सुलझा नहीं पाई है। शव महिला की हत्या करके फेंका गया था। हत्यारोपी को पकड़ना तो दूर पुलिस महिला की शिनाख्त तक नहीं कर पाई है। मधुबन-बापूधाम थाना क्षेत्र स्थित मैनापुर में जीडीए की अविकसित कॉलोनी में प्लॉट की बिक्री की जा रही है। इन्हीं प्लॉट के सामने स्थित नाले में लोगों ने 21 अप्रैल की सुबह एक महिला का शव पड़ा देखा। उसकी गर्दन पर धारदार हथियार के साथ ही शरीर पर चोट के कई निशान मिले थे। उम्र करीब 25 वर्ष आंकी गई थी और गले में मंगलसूत्र व पैरों में बिछुए मिले थे। कपड़े अस्त-व्यस्त थे। वर्तमान में मधुबन बापूधाम थाने का कार्यभार वर्ष 2023 बैच की आईपीएस डॉ. दीप्ती एस. चौहान के पास है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं। ऐसे में दिल्ली रोड, मैनापुर, रेलवे क्रॉसिंग, बापूधाम के पेट्रोल पंप के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। बाहरी जनपदों के थानों में महिला का फोटो और शिनाख्त करने की अपील के पोस्टर लगाए गए हैं। जल्द ही महिला की शिनाख्त कर हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

# समझौते के आधार पर हाईकोर्ट ने रद्द की एफआईआर

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 12 मई।** थाना धौज में दर्ज महिला को धमकाने और पीछा करने के मामले में जमशेद नामक व्यक्ति को अदालत से बड़ी राहत मिली है। अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश अजय शर्मा की अदालत ने आठ मई को रिहाई के आदेश जारी किए। यह फैसला पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा एफआईआर रद्द किए जाने के बाद सुनाया गया। मामला 28 दिसंबर 2025 में दर्ज एफआईआर से संबंधित है। जिसमें जमशेद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115, 351(2), 75(2) और 78 के तहत केस दर्ज किया गया था। इन धाराओं में चोट पहुंचाने, आपराधिक धमकी, महिला से उत्पीड़न और पीछा करने जैसे आरोप शामिल थे। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने अदालत को बताया कि दोनों पक्षों के बीच 11 मार्च 2026 को समझौता हो चुका है। इसके आधार पर हाईकोर्ट ने छह मई को जमशेद बनाम हरियाणा राज्य और अन्य मामले में एफआईआर और उससे जुड़ी सभी कार्यवाहियों को रद्द कर दिया। आदेश की पुष्टि होने के बाद अदालत ने जमशेद को डिस्चार्ज करते हुए जिला जेल नीमका से रिहा करने के निर्देश दिए।

# मां की डांट से आहत छात्रा ने 15वीं मंजिल से लगाई छलांग, मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 12 मई।** विजयनगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ विहार स्थित एसजी शिखर हाइट्स सोसायटी में सोमवार दोपहर 11वीं कक्षा की छात्रा ने 15वीं मंजिल से कूद गई। पुलिस घायल छात्रा को एमएमजी अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके से कोई सुसाइड नोट या मोबाइल फोन बरामद नहीं हुआ है। एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि दोपहर करीब 2:15 बजे सूचना मिली थी कि एसजी शिखर हाइट्स में रहने वाले संजीव कुमार की पुत्री चीनू (15) ने इमारत से छलांग लगा दी है। संजीव कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ फ्लैट नंबर ए-2, 1502 में रहते हैं। सोमवार को बेटा स्कूल गया हुआ था, जबकि चीनू आंखों में एलर्जी के कारण स्कूल नहीं गई थी। घटना के समय घर में चीनू और उसकी मां मौजूद थीं। किसी बात को लेकर मां ने उसे डांट दिया था। इसके बाद उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। परिजनों ने बताया कि चीनू ठाकुरद्वारा गर्ल्स कॉलेज में पढ़ती थी। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

# केवाईसी और नंबर अपडेट न होने से सवा दो लाख उपभोक्ता नहीं ले पा रहे सिलिंडर

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 12 मई।**

केवाईसी (नो योर कस्टमर) और मोबाइल नंबर अपडेट न होने की वजह से जिले के सवा दो लाख उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलिंडर नहीं मिल पा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनकी समस्या का समाधान न तो आपूर्ति विभाग और न ही एजेंसी के स्तर पर हो पा रहा है।



जिले में 12 लाख से अधिक एलपीजी उपभोक्ता हैं। इसमें सवा दो लाख उपभोक्ताओं की केवाईसी और मोबाइल नंबर अपडेट नहीं हैं। एजेंसियों पर नंबर अपडेट और केवाईसी कराने के लिए कतारें लग रही हैं। एजेंसियों के सामने सर्वर धीमी गति से काम करने की समस्या आ रही है। इसी वजह से इन उपभोक्ताओं को सिलिंडर नहीं मिल रहे हैं। सुल्तानपुर गैस एजेंसी के संचालक अमित चौधरी ने बताया कि तुरंत नंबर बदलने की प्रक्रिया अब बंद कर दी गई है। ऐसे में वे उपभोक्ता जिनका नंबर खो गया है या बंद हो गया है तो उनको नंबर अपडेट कराने के लिए तीन माह का इंतजार करना होगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद नंबर तीन माह में अपडेट होगा। इसके बाद ही वह सिलिंडर के लिए बुक कर सकते हैं। इतना ही नहीं, केवाईसी की प्रक्रिया भी बायोमीट्रिक कर दी गई है। ऐसे में इन उपभोक्ताओं के लिए अब ओटीपी भेजकर केवाईसी कराने की प्रक्रिया बंद हो गई है। इन उपभोक्ताओं को एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उधर, ऐसे उपभोक्ता जो ड्यूटी और अन्य जरूरी कार्यों से बाहर हैं, उनको भी केवाईसी कराने के लिए एजेंसी पर जाना होगा। हालांकि, कंपनियों का दावा है कि उपभोक्ता स्वयं भी कर सकते हैं लेकिन इसकी प्रक्रिया जटिल होने के कारण उनको एजेंसियों का ही रूख करना पड़ता है।

# पजेशन न देने से हुए नुकसान पर निवेश की राशि का 75% देना होगा मुआवजा

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 12 मई।**

एनआरआई को फ्लैट का पजेशन न मिलने से हुए वित्तीय नुकसान पर हरेरा ने कंपनी को आदेश दिया है कि खरीदार की तरफ से निवेश की गई राशि की 75 प्रतिशत राशि मुआवजे के तौर पर देनी होगी। यह आदेश हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (हरेरा) गुरुग्राम के निर्णायक अधिकारी राजेंद्र कुमार ने दिया है। कंपनी खरीदार के रुपये पहले ही ब्याज के साथ वापस कर चुकी है।

मूल रूप से दिल्ली के वसंत कुंज निवासी करण सचदेवा ने प्राधिकरण में दायर की याचिका में बताया कि वह मौजूदा समय में कनाडा में रह रहे हैं। उन्होंने सेक्टर-37 में इंपीरिया स्ट्रक्चर की तरफ से विकसित की जा रही इंपीरिया द एस्फेरा में एक फ्लैट खरीदा था। कंपनी के साथ 12 मार्च 2015 में फ्लैट के लिए करार किया था। फ्लैट के लिए टाटा कैपिटल हाउसिंग कंपनी से




72.60 लाख रुपये का लोन भी लिया गया था। उनका कहना है कि इस लोन की किस्त बिल्डर कंपनी को फ्लैट के पजेशन तक खुद देनी थी। उनका कहना है कि सात से आठ साल बीत जाने के बाद भी उन्हें फ्लैट का पजेशन नहीं दिया गया था। इसके बाद उन्होंने 2021 में उन्होंने प्राधिकरण में याचिका दायर की। याचिका पर फैसला देते हुए प्राधिकरण ने आदेश दिया है कि वह खरीदार की तरफ से दिए गए 77.63 लाख रुपये को कंपनी ब्याज के साथ वापस करे। कंपनी ने दलील दी कि प्राधिकरण के आदेश के अनुसार खरीदार की तरफ से लिए गए लोन की राशि उन्हें देनी थी। उसके बाद अगर राशि बचती है तो उसको खरीदार को देनी थी। 2015 में खरीदार ने 67 लाख रुपये लोन लिया था और करीब पांच लाख रुपये अपनी तरफ से दिए थे। उन्होंने दलील दी कि जब उन्हें ब्याज समेत रुपये मिल गए तो वह मुआवजे की मांग नहीं कर सकते।

प्राधिकरण ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद माना कि सेक्टर-37 में 2016 और 2022 में संपत्ति के मूल्य में काफी फर्क आ गया है। करीब 75 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। ऐसे में खरीदार की तरफ से कुल 77.63 लाख रुपये कंपनी को दिए गए थे। अगर वह सेक्टर-37 में अन्य जगह पर लगाते तो 75 प्रतिशत के अनुसार उन्हें 58.23 लाख रुपये की बढ़ोतरी मिलती।


प्राधिकरण ने इंपीरिया कंपनी को आदेश दिया है कि वह 58.23 लाख रुपये 11 प्रतिशत की दर से उन्हें दे। इसके साथ ही उन्हें हुई मानसिक परेशानी होने पर एक लाख रुपये का मुआवजा और कानूनी प्रक्रिया पर हुए खर्च के लिए 50 हजार रुपये भी दिए जाएं।

# एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने प्रेग्नेंट महिलाओं से की खास गुजारिश, बताए वॉकिंग के फायदे




अभिनेत्री करिश्मा तन्ना जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाली हैं। उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए बताया है कि

गर्भावस्था के दौरान रोजाना सैर करने से उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रहने में काफी मदद मिली है। करिश्मा ने जिम से अपना एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह ट्रेडमिल पर चलती हुई नजर आ रही हैं। प्रेग्नेंसी को खूबसूरत, लेकिन चुनौतीपूर्ण बताते हुए एक्ट्रेस ने सभी 'होने वाली मांओं' से कहा कि वे अपने साथ नरमी बरतें, लेकिन पूरी तरह से चलना-फिरना बंद न करें। इस क्लिप में करिश्मा को यह कहते हुए सुना जा सकता है, 'हाय दोस्तों, सभी होने वाली मांओं के लिए बस एक छोटी सी याद दिलाना चाहती हूं। प्रेग्नेंसी के दौरान एक चीज जो सच में मेरी मदद करती है, वह है चलना। रोजाना बस थोड़ी देर चलने से भी शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत फर्क पड़ता है।' करिश्मा तन्ना ने कहा, 'मेरा यकीन मानिए। प्रेग्नेंसी एक बहुत ही खूबसूरत अनुभव है, लेकिन हां जिस तरह से शरीर में बदलाव आते हैं, थकान होती है, ये सब बिल्कुल सच है और इसी वजह से शरीर को गतिशील रखना बहुत-बहुत जरूरी हो जाता है। मेरा मतलब है, कोई दबाव नहीं है, बस आप सक्रिय रहें, मजबूत रहें और अपने शरीर से जुड़ाव बनाए रखें।' ' रोजाना सिर्फ 20-30 मिनट पैदल चलना भी आपको सूजन, अकड़न, मूड में होने वाले बदलाव, नींद और पाचन से जुड़ी समस्याओं में राहत देगा और सच कहूं तो इससे आपको अंदर से काफी बेहतर महसूस होगा।' जो भी प्रेग्नेंट महिलाएं इस वीडियो को देख रही हैं, प्लीज, प्लीज अपने साथ नरमी बरतें, लेकिन पूरी तरह से हिलना-डुलना बंद न करें। आपका शरीर बाद में आपको धन्यवाद देगा। मैं भी बाद में आपको धन्यवाद दूंगी। ढेर सारा प्यार। करिश्मा ने कैप्शन में लिखा, 'हे प्रेग्नेंट महिलाओं ! चलो यह करते हैं।' फिटनेस की शौकीन करिश्मा ने 2021 में मुंबई के एक रियल एस्टेट बिजनेसमैन वरुण बंगेरा को डेट करना शुरू किया। 2022 में उनकी शादी हो गई। इस अप्रैल में एक्ट्रेस ने घोषणा की कि वह अपने पति वरुण के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक जॉइंट पोस्ट में दोनों ने यह खबर साझा की। उन्होंने करिश्मा और वरुण की प्रेग्नेंसी फोटोशूट की कई तस्वीरें शेयर कीं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, 'एक छोटा सा चमत्कार, हमारा सबसे बड़ा तोहफा, अगस्त 2026' करिश्मा ने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से लेकर 'नागिन 3' और 'कयामत की रात' जैसे शो में अपनी एक्टिंग का हुनर दिखाया है। उन्होंने ग्रैंड मस्ती, राजकुमार हिरानी की 'संजू', और 'सूरज पे मंगल भारी' जैसी फिल्मों के साथ बॉलीवुड में कदम रखा। उन्हें अपने ओटीटी शो 'हश हश' के लिए भी पसंद किया गया और हंसल मेहता द्वारा निर्देशित सीरीज 'स्कूप' से उन्हें बड़ी स्टारडम मिली।







## दीपिका फिर बनीं टॉप बॉक्स ऑफिस स्टार

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर भारतीय सिनेमा में अपनी अद्वितीय स्थिति को स्थापित करते हुए, 2026 की शीर्ष बॉक्स ऑफिस स्टार्स की सूची में अपनी जगह बनाई है। एक प्रमुख मीडिया रिपोर्ट और ऑरमैक्स मीडिया के संयुक्त सर्वेक्षण में उन्हें देश की शीर्ष 10 अंडर 50 स्टार्स में शामिल किया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका ने अपने करियर में लगातार सफलता हासिल करते हुए व्यावसायिक और समीक्षात्मक दोनों स्तरों पर बेहतरीन संतुलन बनाए रखा है। उन्होंने समय के साथ अपने किरदारों में जबरदस्त विविधता लाई है और हर बार अपनी मजबूत उपस्थिति से दर्शकों को प्रभावित किया है। दीपिका के करियर को 'पीकू', 'पद्मावत' और 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों ने नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इन फिल्मों में उनके अभिनय को दर्शकों और आलोचकों दोनों से भरपूर सराहना मिली है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि दीपिका पादुकोण लगातार 14वीं बार देश की नंबर वन हीरोइन चुनी गई हैं, जो उनकी अटूट लोकप्रियता और असाधारण स्टारडम का स्पष्ट प्रमाण है।



## सलमान खान के एक आइडिया ने 'रेडी' में मेरे किरदार को बना दिया यादगार : कुब्रा सैत

सेक्रेड गेम्स, 'रेडी, 'गली बॉय' जैसी वेबसीरीज और फिल्मों में काम कर चुकीं बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने 'रेडी' के किरदार को लेकर बात की। अभिनेत्री ने यह भी बताया कि फिल्म में उनके रोल को खास बनाने का आइडिया सुपरस्टार सलमान खान का था। सोमवार को अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपनी बात करती नजर आईं। उन्होंने अपनी पहली फिल्म 'रेडी' मिलने का अनुभव साझा किया। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी ने किया था और इसमें सलमान खान मुख्य भूमिका में थे। कुब्रा ने बताया कि उन्होंने इस रोल के लिए छोटे काले रंग की ड्रेस पहनकर ऑडिशन दिया था और अनीस बज्मी की मंजूरी का इंतजार था। शुरूआत में फिल्म में उनके कोई डायलॉग नहीं थे और उन्हें एक नौकरानी का किरदार मिला था। लेकिन, बाद में सलमान खान ने सुझाव दिया कि उनके किरदार को टूटी-फूटी इंग्लिश बोलने वाली मेड बनाया जाए, जिससे उनका रोल खास बन गया।

## उर्विल भविष्य में बेहतर बल्लेबाज बनेंगे : हरभजन

**मुम्बई, यूटर्न/ 12 मई।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के युवा बल्लेबाज उर्विल पटेल की बल्लेबाजी की जमकर सराहना की है। उर्विल ने हाल ही में आईपीएल 2026 के एक अहम मुकाबले में सीएसके की लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हरभजन ने कहा कि उर्विल में दबाव के बीच भी अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है। उनकी निडर बल्लेबाजी से मैच का रुख बदल गया। इससे साफ है कि वह आने वाले समय में एक बेहतरीन खिलाड़ी बनेंगे। हरभजन उर्विल की बल्लेबाजी शैली से खासे प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि युवा बल्लेबाज शुरूआत से ही अपनी रणनीति को लेकर बिल्कुल स्पष्ट थे। हरभजन ने कहा, पहले छह छक्कों को देखकर लगा कि उन्होंने सिर्फ एक ही क्षेत्र को निशाना बनाने का फैसला किया था। जिस तरीके से उन्होंने एक कठिन पिच पर बड़े शॉट खेले उससे उनकी असाधारण क्षमता का अंदाजा होता है। वह निश्चित रूप से भविष्य में एक बेहतरीन खिलाड़ी साबित होंगे।उर्विस की बेतरीन पारी से ही ये मैच सीएसके के पाले में आया। यह उर्विल पटेल की आक्रामक बल्लेबाजी ही थी जिसने पूरे मैच का रुख सीएसके की ओर किया।

## मिचेल मार्श की कप्तानी में पाकिस्तान और बांग्लादेश का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

**सिडनी, यूटर्न/ 12 मई।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम मिचेल मार्श की कप्तानी में पाकिस्तान और बांग्लादेश का दौरा करेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अब तक टी20 टीम की कप्तानी कर रहे मार्श को अब एकदिवसीय की भी कमान सौंपी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस माह पाकिस्तान में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। इसके बाद उसे बांग्लादेश में तीन एकदिवीसय और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के कई खिलाड़ी अभी आईपीएल खेलने में व्यस्त हैं। ऐसे में मार्श को अवसर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज जबकि बांग्लादेश में 3-3 मैचों की एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलेगी। मार्श की टीम लखनऊ सुपरजायंटस आईपीएल से पहले ही बाहर हो गयी है। ऐसे में मिचेल पूरे समय के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए उपलब्ध रहेंगे और इस कारण से भी उन्हें कप्तानी मिली है। वहीं, नियमित कप्तान पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क जैसे कई प्रमुख खिलाड़ी आईपीएल की व्यस्तताओं के चलते इन दौरों से बाहर रहेंगे। ये खिलाड़ी 31 मई तक आईपीएल में व्यस्त रह सकते हैं। मार्श के अलावा जोश इंग्लिस भी तीनों दौरों के लिए उपलब्ध हैं, क्योंकि उनकी आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स भी प्लेऑफ से बाहर हो गई है। हालांकि, कैमरून ग्रीन, जिनकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में है चयन समिति ने उन्हें टीम में जगह दी है।



यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# चीन दौरे से पहले ट्रंप ने जताई 'अच्छी चीजें' होने की उम्मीद, 17 बड़े बिजनेसमैन के साथ पहुंचेंगे बीजिंग

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 12 मई।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन के दौरे पर रहने वाले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस दौरे पर ईरान के साथ ताजा हालात पर भी चर्चा हो सकती है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ने उम्मीद जताई है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात अच्छी रहेगी।

राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, 'मैं चीन के अपने दौरे का बहुत इंतजार कर रहा हूं, यह एक शानदार देश है, जहां के नेता राष्ट्रपति शी हैं, जिनका सभी सम्मान करते हैं। दोनों देशों के लिए बहुत अच्छी चीजें होंगी!'

बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अमेरिका के कई बड़ी बिजनेस हस्तियां भी इस दौरे पर पहुंचने वाली हैं। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बड़ी अमेरिकी कंपनियों के 17 बड़े कॉर्पोरेट एग्जीक्यूटिव भी होंगे।

ट्रंप स्थानीय समयानुसार, मंगलवार को वाशिंगटन से निकलेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के डेलिगेशन में एप्पल के सीईओ टिम कुक और टेस्ला और स्पेसएक्स के चीफ एलन मस्क के साथ-साथ ब्लैकरॉक, ब्लैकस्टोन, बोइंग, कारगिल, सिटी, सिस्को, कोहेरेंट, जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) एयरोस्पेस, गोल्डमैनसैक्स, इलुमिना, मास्टरकार्ड, मेटा, माइक्रोन, क्वालकॉम और वीजा के सीनियर एग्जीक्यूटिव शामिल होंगे।

व्हाइट हाउस की लिस्ट में शामिल एग्जीक्यूटिव के तौर पर ब्लैकरॉक के लैरी फिंक, ब्लैकस्टोन के स्टीफन श्वार्जमैन, बोइंग की केली ऑर्टबर्ग, कारगिल के ब्रायन साइक्स, सिटी की जेन फ्रेजर, सिस्को के चक रॉबिंस, कोहेरेंट के जिम एंडरसन, जीई एयरोस्पेस के एच. लॉरेंस कल्प, गोल्डमैन सैक्स के डेविड सोलोमन, इलुमिना के जैकब थायसेन, मास्टरकार्ड के माइकल मिबैक, मेटा की डिना पॉवेल मैककॉर्मिक, माइक्रोन के संजय मेहरोत्रा, क्वालकॉम के क्रिस्टियानो अमोन और वीजी के रयान मैकइनर्नी शामिल हैं।

इससे पहले सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति की जमकर सराहना की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनकी जल्द होने वाली चीन यात्रा में ताइवान और ऊर्जा सुरक्षा सबसे बड़े मुद्दे होंगे।

## ट्रंप और जिनपिंग की मुलाकात से पहले अमेरिकी सीनेटरों ने ताइवान हथियार डील को मंजूरी देने की अपील की

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 12 मई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस हफ्ते चीन के दौरे पर जाएंगे और प्रेसिडेंट शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। इस बीच, अमेरिका के सीनेटरों के एक समूह ने शी जिनपिंग के साथ होने वाली मीटिंग से पहले ट्रंप से ताइवान के लिए 14 बिलियन डॉलर के हथियार पैकेज पर आगे बढ़ने की अपील की है। इसके साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी है कि ताइपे के लिए अमेरिकी समर्थन में कोई भी कमी बीजिंग के हौसले को बढ़ावा देगी और हिंद-प्रशांत को अस्थिर करेगी। सीनेट की विदेश संबंध समिति की वरिष्ठ सदस्य सीनेटर जीन शाहीन और सीनेटर थॉम टिलिस के नेतृत्व में लिखे गए एक पत्र में सीनेटरों ने सरकार से आग्रह किया है कि वह लंबे समय से लंबित हथियार बिक्री पैकेज को लेकर कांग्रेस को औपचारिक जानकारी दी जाए। उनका कहना है कि इस पैकेज को जनवरी 2025 में ही मंजूरी मिल चुकी थी। सीनेटरों ने लिखा, 'हम आपकी सरकार से जोर देकर कहते हैं कि वह ताइवान को अमेरिका के 14 बिलियन डॉलर के हथियार बेचने के बारे में औपचारिक तौर पर बताए, जिसे कांग्रेस ने जनवरी 2025 में पहले से मंजूरी दे दी थी।'



## विदेश मंत्री जयशंकर ने विज्ञान और गणित में भारत के योगदान को मान्यता देने का किया आग्रह

**संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 12 मई।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने गणित और विज्ञान के इतिहास को लेकर प्रचलित 'एक-आयामी दृष्टिकोण' से आगे बढ़ने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने ऐसी समावेशी और लोकतांत्रिक ऐतिहासिक सोच की वकालत की, जो इन क्षेत्रों में भारत के मूलभूत योगदान को उचित पहचान दे। सोमवार को यहां गणित में भारत के योगदान पर एक एग्जिबिशन का उद्घाटन करते हुए, उन्होंने तीसरी सदी में भारत में विकसित हुए बाइनरी सिस्टम का उदाहरण दिया, जिसकी नींव पर डिजिटल युग और एआई में दुनिया का सफर टिका है। उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे हम एआई के सफर पर निकलेंगे, ये सच और साफ होते जाएंगे, जहां अतीत की हमारी समझ भविष्य के टूल्स से फायदा उठाएगी। यह एग्जिबिशन याद दिलाती है कि गणित यूनिवर्सल है और इसके विस्तार से दुनिया भर में अच्छा काम हुआ है और हो रहा है।' उन्होंने कहा कि फरवरी में भारत में हुए एआई इम्पैक्ट समिट ने एक मजबूत मैसेज दिया कि क्रिएटिविटी और इनोवेशन कुछ लोगों तक सीमित नहीं रह सकते। विदेश मंत्री ने कहा, 'अतीत की गलतियों को ठीक करके ही हम भविष्य के मुद्दों को सही तरीके से सुलझा सकते हैं। यह यूएन के लिए मायने रखता है, क्योंकि एक अलग-अलग तरह का और लोकतांत्रिक समूह एक ही तरह की कहानी पर नहीं बन सकता।' डॉ एस जयशंकर ने आगे कहा, 'हमें यह समझने की जरूरत है कि तकनीक के लोकतंत्रीकरण के लिए, असल में, दुनिया के लोकतंत्रीकरण के लिए, इतिहास के लोकतंत्रीकरण की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'बहुत लंबे समय से वैज्ञानिक तरक्की को एक छोटी नजर से देखा जाता रहा है, जो समय और भूगोल में सीमित है।'



# 'ऑपरेशन सिंदूर' के डर से नहीं उबरी मुनीर की सेना दिया विवादित बयान मानवाधिकार संगठन ने लताड़ा

**क्वेटा, यूटर्न/ 12 मई।**

ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत से करारी शिकस्त खा चुके पाकिस्तान का दर्द अब भी हरा है। यही वजह है कि भारतीय सेना की जाबांजी की कहानी कहते उस अभियान के एक साल पूरे होने पर कुछ ऐसा कहा गया जो लैंगिक असमानता को लेकर उसकी सोच दर्शाता है। नतीजतन अपने ही घर में वो घिर गया है। बलूच नेशनल मूवमेंट (बीएनएम) ने कड़े शब्दों में उसकी निंदा की है।

बीएनएम अध्यक्ष नसीम बलोच ने मंगलवार को पाकिस्तानी शस्त्र सेना के उस बयान की कड़ी आलोचना की जिसमें उसने 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम चुने जाने पर तंज कसा था। बलोच के अनुसार, जो कहा गया वो बातें पाकिस्तान में महिलाओं के प्रति एक पिछड़ी सोच और गहरे भेदभाव को दिखाती हैं।

पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (डीजी आईएसपीआर) के महासचिव की बातों का हवाला देते हुए (जो देश की आर्म्ड फोर्सेज की ऑफिशियल मीडिया और पब्लिक रिलेशंस विंग है) कहा कि 'सिंदूर महिलाओं से जुड़ा है, और एक सैन्य अभियान का मर्दों वाला नाम दिया जाना चाहिए था।'

इसी पर नसीम ने कहा कि बयान से पता चलता है कि 'पाकिस्तानी समाज में महिलाओं की स्थिति क्या है और उनके साथ कैसा बर्ताव किया जाता है।'



बलोच कार्यकर्ता ने कहा, 'यह बयान सिर्फ एक शब्द के बारे में नहीं था; यह एक गहरी सोच को दर्शाता है, जहां महिलाओं से जुड़ी किसी भी चीज को कमजोर और कमतर समझा जाता है या फिर उसे तवज्जो ही नहीं दी जाती है।'

उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान में महिलाओं को अक्सर पुरुषों के मुकाबले समाज में कमतर आंका जाता है, इसीलिए 'औरत मार्च' जैसे आंदोलनों और महिला अधिकारों के कैंपेन का अक्सर 'मजाक उड़ाया जाता है या फिर उनके खिलाफ नफरत भरी बातें' कही जाती हैं।

यह कहते हुए कि बलूचिस्तान महिलाओं के प्रति ऐसे पुरुष-प्रधान नजरिए के बिल्कुल उलट है, नसीम ने कहा, 'बलूच महिलाओं ने ऐतिहासिक रूप से समाज में एक सम्मानित और प्रभावशाली स्थान रखा है और सदियों से लड़ाई के मैदान और विरोध का हिस्सा रही हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'इतिहास से लेकर आज तक, बलोच महिलाएं हिम्मत, सम्मान और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही हैं, जिससे यह साबित होता है कि ताकत और सम्मान जेंडर से तय नहीं होते।'

इससे पहले रविवार को, मानवाधिकार संगठन बलूच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) ने सिंध सरकार की आलोचना की थी। दरअसल, सरकार ने संगठन को औरत मार्च प्रोग्राम में हिस्सा लेने से रोक दिया गया था। इस कदम को बलूचिस्तान के लोगों के खिलाफ 'सरकारी फासीवाद' करार दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### फ्रांस के नीस में गोलीबारी में दो लोगों की मौत, छह घायल

**नीस, यूटर्न/ 12 मई।** फ्रांस के नीस शहर में सोमवार को हुयी गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। रिवेरा शहर के मेयर ने बताया कि यह घटना नशीले पदार्थों से जुड़ी थी। दक्षिण-पूर्वी आल्प्स-मैरीटाइम्स विभाग के प्रशासन ने बताया, 'गोलीबारी शुरू हो गई, जिसके परिणामस्वरूप दो लोगों की मौत हो गई, तीन लोगों को हल्की चोटें आईं और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।' नीस के मेयर एरिक सियोटी ने बताया कि गोलीबारी 'प्लेस डेस अमैरिलिस' में हुई। यह मौलिन्स जिले का एक चौक है, जो नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों के लिए बदनाम है।

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टारमर से पार्टी सांसदों ने की पद छोड़ने की अपील

**लंदन, यूटर्न/ 12 मई।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ सदस्यों, जिनमें गृह मंत्री शबाना महमूद और विदेश मंत्री यवेट कूपर शामिल हैं, ने उनके इस्तीफे के समय पर विचार करने को कहा है। यह मांग तब उठी जब लेबर पार्टी के 80 से ज्यादा सांसदों ने श्री स्टारमर से पद छोड़ने की अपील की। 'द टाइम्स' अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। सोमवार को आई रिपोर्ट के मुताबिक, कैबिनेट सदस्यों के मंगलवार को होने वाली एक बैठक में श्री स्टारमर से यह कहने की उम्मीद है कि उन्हें पद छोड़ देना चाहिए। सदस्यों को चिंता है कि अब उनकी स्थिति 'बरकरार रखने लायक नहीं' रह गई है। इसी बीच, ब्रिटिश मीडिया ने बताया कि ब्रिटेन सरकार के तीन सदस्यों ने प्रधानमंत्री श्री स्टारमर के इस्तीफे की मांग करते हुए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है।

## बलूचिस्तान में मजदूरों की हत्याः बलोच छात्र संगठन ने जताया अफसोस, इसे 'बर्बरता' बताया

» **क्वेटा, यूटर्न/ 12 मई।**




बलूचिस्तान के ग्वादर जिले के कुंतानी इलाके में भोजन और रोजगार की तलाश में गए लगभग 12 मजदूरों की मौत पर एक प्रमुख बलोच छात्र संगठन ने गहरी चिंता व्यक्त की है और इसे 'राज्य की चरम बर्बरता' का उदाहरण बताया है।

बलोच स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन आजाद (बीएसओ-आजाद) ने इस घटना को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की ओर से किया गया 'नरसंहार' करार देते हुए कहा कि यह बलोच जनसंहार के व्यापक पैटर्न को दर्शाता है। संगठन ने कहा, 'पाकिस्तानी कब्जे में रह रहे बलोच नागरिकों को उनके बुनियादी आर्थिक अधिकारों से वंचित कर दिया गया है और उन्हें बेहद कठिन परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इससे पहले भी बलोच मजदूरों को निशाना बनाया गया है; उनके वाहन, दुकानें और छोटे व्यवसाय नष्ट किए गए हैं। इन लोगों को रोजाना पीटा और अपमानित किया जाता है।' संगठन ने बताया कि कुछ महीने पहले ग्वादर के जिवानी इलाके में भी ऐसी ही एक घटना हुई थी, जिसमें दो मजदूरों की मौत हो गई थी। बीएसओ-आजाद के अनुसार, बलोच नागरिकों को अत्यंत कठिन परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि पाकिस्तानी कोस्ट गार्ड, फ्रंटियर कॉर्प्स, सेना, पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के कर्मियों सहित सरकारी अधिकारी कथित तौर पर गरीब मोटर चालकों और दुकानदारों से रिश्वत वसूलने में लगे हुए हैं।

संगठन ने आरोप लगाया कि तय रकम की रिश्वत लेने के बावजूद सुरक्षा कर्मी मजदूरों को पीटते और अपमानित करते रहते हैं तथा उनके वाहन और दुकानें जला देते हैं। संगठन ने इसे 'बलोच राष्ट्र पर पाकिस्तानी राज्य का औपनिवेशिक दमन' बताया।

# इजरायली हमले में लेबनान के 6 लोगों की मौत और 7 घायल

» **बेरूत, यूटर्न/ 12 मई।**

लेबनान के दक्षिणी हिस्से पर इजरायली हमले जारी हैं। एक कस्बे पर इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी एनएनए ने इसकी जानकारी दी।

नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएनए) के अनुसार पश्चिम बेका में दुश्मन सेना की ओर से निकासी चेतावनी जारी करने के कुछ ही घंटों बाद, दुश्मन के युद्धक विमानों ने पश्चिम बेका के सहमार कस्बे को निशाना बनाया।

एनएनए के अनुसार, सोमवार रात इजरायली हमलों ने कफर डूनिन में एक घर को निशाना बनाया। यह कस्बा बेरूत से लगभग 95 किलोमीटर (59 मील) दूर स्थित है। एनएनए के मुताबिक, घायलों को तटीय शहर टायर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दक्षिणी लेबनान के बिंत जुबैल इलाके में भी इजरायली बलों ने ऐन अल-सगीरा मोहल्ले में कई मकानों को ध्वस्त कर दिया।



इस घटना पर इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। हालांकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आईडीएफ ने सोमवार पर हमले को लेकर चेतावनी जरूर दी थी। इलाके के लोगों को शहर को खाली करने की धमकी दी गई थी।

सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि यह 'निवासियों के लिए तत्काल चेतावनी' है कि वे बेका घाटी स्थित इस शहर को खाली कर दें और 'कम से कम 1,000 मीटर (0.6 मील) दूर खुले इलाकों' में चले जाएं। यह आदेश इजरायली सेना द्वारा हाल के महीनों में जारी किए गए ऐसे कई आदेशों में से एक है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Umml Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *